तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 71 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 12 दिसम्बर 2024 डाक 13 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा अपनी पत्नी के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए

देश-विदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 45 पंचायतों को किया सम्मानित बोलीं- विकसित भारत के लिए गांवों का विकास महत्वपूर्ण

फीचर पेज

शतरंज खेलने से मिल सकते हैं कई फायदे, जानिए इसे अपनाने के तरीके

यूपी में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, 35 टीमें लखनऊ-मुरादाबाद समेत कई जिलों में कर रहीं छानबीन

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

लखनऊ। आयकर रिटर्न में आनाकानी करने वालों पर आयकर विभाग ने शिकंजा कसा है, करीब तीन दर्जन टीमें लखनऊ, हरदोई, मुरादाबाद सहित अन्य जिलों में केमिकल व मार्बल व्यापारियों के घर व गोदामों का सर्वे कर रही हैं।ऐशबाग के केमिकल व्यापारी विशाल स्वरूप हरदोई जिले के संडीला में दो फैक्ट्रियां इंडियन पेस्टीसाइड लिमिटेड व स्वरूप केमिकल का संचालन कर रहे हैं, ये फैक्ट्रियां 2021 में लगी और बड़ा टर्नओवर कर रही हैं लेकिन, उसके सापेक्ष आयकर नहीं दिया जा रहा। विभाग कई माह से इनकी निगरानी कर रहा था। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि स्वरूप के ऐशबाग आवास, इंदिरा नगर में रह रहे फैक्ट्री के निदेशक व संडीला आदि स्थानों पर आयकर विभाग की कई टीमें सर्वे कर रही है। ऐसे ही एचएएल के सामने इंदिरा नगर में ही एके जैन व डीके जैन मार्बल्स के यहां भी आयकर विभाग की टीमें सर्वे कर रही हैं। इन पर भी आयकर रिटर्न दाखिल करने में गड़बड़ी करने का आरोप है।

आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर के चार जिलों में एनआईए की छापेमारी

जम्मू 12 दिसम्बर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी गुरुवार को आतंकी फंडिंग मामले में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम प्रदेश के बारामूला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, आतंकी फंडिंग की जांच के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर समेत चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई का उद्देश्य जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी समूहों से जुड़े व्यक्तियों के कट्टरपंथीकरण और चरमपंथी प्रचार के प्रसार से जुड़े वित्तीय नेटवर्क को नष्ट करना है। एनआईए के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने चल रही कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा, छापेमारी चल रही है। आगे की जानकारी साझा की जाएगी। यह पहल आतंकवाद के वित्तपोषण के दबाव वाले मुद्दे से निपटने के लिए एजेंसी की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र और उसके बाहर आतंकवाद की जड़ों को खत्म करने के लिए अपने अभियान तेज कर दिए हैं।

पांच आईपीएस अफसरों की जिम्मेदारी में फेरबदल, रायपुर एसपी बने तांत उम्मेद सिंह

रायपुर 12 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल किया है। पांच आईपीएस के कार्यों में बदलाव किया गया है। रायपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष सिंह को हटाकर लाल उम्मेद सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। संतोष सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा कोरिया के एसपी सूरज सिंह परिहार को 14वीं बटालियन बालोद भेज गया है। आईपीएस रवि कुंर्रे को कोरिया का एसपी बनाया गया है। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हरीश राठौर को एसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा बनाया गया है।

सुकमा में नक्सल मामले से जुड़े दो लोगों के घर एनआईए ने मारा छापा

सुकमा, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

नक्सल मामले से जुड़े हुए दो लोगों के घर मे एनआईए ने छापा मारा है। एनआईए की टीम सुबह से दोनों के घर मे छानबीन कर रही है। जिसमें एक को 25 सितंबर के दिन स्थानीय पुलिस ने नक्सल मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद एनआईए की टीम लगातार पूछताछ कर रही थी। गुरुवार सुबह एनआईए की टीम जिला मुख्यालय स्थित मंतोष मंडल व एक अन्य महिला के घर दबिश देने पहुंच गई। टीम के साथ स्थानीय पुलिस की एक टीम भी मौजूद थी जो घर के बाहर तैनात की गई थी। मंतोष मंडल जिसे स्थानीय पुलिस ने 25 सितंबर को जिले के भेज्जी इलाके से गिरफ्तार किया गया था। मंतोष मंडल पर नक्सली का सहयोगी व शहरी नेटवर्क का आरोप लगा था। वही एनआईए की टीम घर मे छापा मार कर जांच कर रही है। टीम पिछले 15 दिनों से जिला मुख्यालय में थी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हुई है।

बस्तर में मुठभेड़ जारी, DRG-STF और CRPF जवान निकले है ऑपरेशन पर

बस्तर। दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच जमकर गोलीबारी चल रही है। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव की DRG, STF और CRPF की टीम माओवादियों को घेर रखा है। हालांकि, इस मुठभेड़ में नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, 15 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर के दौरे पर रहेंगे। शाह के बस्तर दौरे से पहले फोर्स एक्टिव हो गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि माड़ इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर 4 जिलों से करीब 1 हजार से ज्यादा जवानों को ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। वहीं गुरुवार को तड़के 3 बजे जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। बस्तर IG सुंदरराज पी ने कहा कि, रुक-रुककर गोलीबारी चल रही है। जवानों से संपर्क कर रहे हैं। जो भी जानकारी हो देंगे।

पीएम मोदी ने शरद पवार को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार को जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता शरद पवार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। अजीत पवार ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, शरद पवार को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हम आपके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार का आज 84वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। पुणे जिले के बारामती में शरद पवार का जन्म 12 दिसंबर 1940 को हुआ था। उनका पूरा नाम गोविंदराव पवार है। कैंसर की लंबी बीमारी के बावजूद भी उन्होंने राजनीति से दूरी बनाना जरूरी नहीं समझा।

महायुति में दरार, शिंदे हुए नाराज! विभाग बंटवारे पर शाह-नड्डा की बैठक में भी नहीं पहुंचे डिप्टी सीएम

मुंबई, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद भी महायुति में सब कुछ ठीक चलता नहीं दिख रहा है। गठबंधन सरकार में अब मंत्रालयों के बंटवारे को लेकर पेच फंसा है। माना जा रहा है कि कुछ बड़े मंत्रालयों को लेकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भाजपा से नाराज चल रहे हैं। यहां तक की दिल्ली में अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ हुई बैठक तक में शिंदे नहीं पहुंचे। देवेंद्र फडणवीस महायुति के सहयोगियों के साथ मंत्रालयों के बंटवारे को लेकर बीते दिन भाजपा नेतृत्व से बातचीत करने दिल्ली पहुंचे। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक में एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी पहुंचे, लेकिन शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे अनुपस्थिति रहे। माना जा रहा है कि शिंदे अभी तक बड़े पदों के लिए अड़े हुए हैं।

शिंदे के करीबियों का कहना है कि उनकी पार्टी को केवल एक ही बड़ा मंत्रालय शहरी विकास विभाग दिया जा रहा है। शिंदे पहले गृह मंत्रालय पर अड़े थे, लेकिन अब भाजपा द्वारा इसे न देने की बात खुलकर कहे जाने के बाद वो दूसरे मंत्रालयों पर नजर गढ़ाए हैं। शिवसेना राजस्व, लोक निर्माण, आवास और उद्योग जैसे बड़े मंत्रालय चाह रही

जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर बीजेपी हमलावर

गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में लहरा दिए सोनिया गांधी के पोस्टर

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

संसद के शीतकालीन सत्र हंगामेदार बीत रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों को लेकर तकरार जारी है। सदन की शुरुआत से ही गौतम अदाणी और जॉर्ज सोरोस का मुद्दा छाया हुआ है। इसी बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया है। बीजेपी नेता ने संसद परिसर में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और जॉर्ज सोरोस के पोस्टर लहराए। इन पोस्टरों में लिखा था- सोरोस से तेरा रिश्ता क्या, सोनिया जवाब दें। गिरिराज ने दूसरे हाथ में एक और पोस्टर लिया हुआ था। इसमें लिखा था- ये रिश्ता क्या कहलाता है। इससे पहले राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया था। नड्डा ने कहा था कि सोनिया गांधी और जॉर्ज सोरोस का क्या संबंध है। यह देश की आंतरिक-बाह्य सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। हम दो दिन से इस पक्ष को रख रहे हैं, लेकिन इससे ध्यान भटकाने का कुत्सित प्रयास करते हुए विपक्ष ने पीठ पर आक्षेप लगाया है। यह राष्ट्र का ध्यान बांटने की कोशिश है।

छत्तीसगढ़ में ठंड से एक और मौत

बलरामपुर 12 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बलरामपुर में ठंड से युवक की मौत हो गई। राजेंद्र पंडो पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां वो शराब पीकर सड़क किनारे सो गया था, जिससे उसकी जान चली गई। बता दें पिछले 24 घंटे में कई जिलों में रात का पारा सामान्य से 4 डिग्री तक गिरा है। मैनपाट में घास और पत्तों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। रायपुर में करीब 10 साल बाद दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पारा 11 डिग्री से नीचे पहुंचा है। बुधवार को माना में रात का तापमान 10 डिग्री रहा। रायपुर और दुर्ग में पिछले 2 दिनों में नाइट टेंपरेचर 5 से 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम साफ होने और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है।

रीवा में ओवर ब्रिज से टकराई बस, दो लोगों की मौत, प्रयागराज से जा रही थी सूरत

रीवा, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

बुधवार-गुरुवार की दरमियां ने रात तकरीबन 1 बजे प्रयागराज से सूरत जा रही अजय एयरलाइंस की बस अचानक समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बने ओवर ब्रिज से जा टकराई। उक्त दुर्घटना में जहां दो लोगों की मौत हो गई है। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। नईदुनिया से बातचीत करते हुए सामान थाना प्रभारी विकास कपीश ने बताया है कि मृतकों में दो पुरुष शामिल है। जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होने बताया कि प्रयागराज से बस क्रमांक एआर 20 0928 सूरत जा रही थी। मौके पर से ड्राइवर और कंडक्टर दोनों फरार हो गए हैं। पुलिस ने जहां इलाज के लिए घायलों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मौके पर से शव का पंचनामा दर्ज कर शव पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल पर रखवाया है। शव के शिनाख्त के लिए बस मालिक से संपर्क कर बुकिंग पेपर मांगे जा रहे हैं। जिससे मृतकों की पहचान की जा सके।

यूपी में सियासत गर्म : दिल्ली से अचानक हाथरस पहुंचे राहुल गांधी, दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से की मुलाकात

हाथरस। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी हाथरस के गांव बूलगढ़ी पहुंच गए हैं। वे चार वर्ष पूर्व हुए कांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर रहे हैं। बूलगढ़ी में 14 सितंबर, 2020 को अनुसूचित जाति की युवती पर हमला हुआ था। इसके भाई ने गांव के ही संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में युवती के बयानों के आधार पर गांव के तीन युवकों के नाम और धाराएं बढ़ाई गई।29 सितंबर 2020 को युवती की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए। इस दौरान राहुल व प्रियंका स्वजन से मिलने आए थे। स्थानीय न्यायालय से तीन आरोपितों को निर्दोष माना। संदीप को धारा 304 और एससी-एसटी एक्ट के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पीड़ित परिवार की सुरक्षा सीआरपीएफ कर रही है। घटना के बाद सरकार से पीड़ित परिवार ने दिल्ली में सरकारी आवास और परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की थी। बुधवार को पीड़ित परिवार के घर की नाप -जोख के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गई। स्वजन ने इसका विरोध कर दिया और टीम लौटा दी। स्वजन का आरोप था कि सरकार हमसे घर छीनना चाहती है।

दिल्ली में बॉडी बिल्डर को गोलियों से भूना, पार्क में हुई सनसनीखेज वारदात से फैली दहशत, हत्यारे फरार

पूर्वी दिल्ली। थाना कल्याणपुरी के त्रिलकपुरी 13 ब्लॉक में बुधवार रात एक बदमाश ने पार्क में बैठे युवक को पांच गोलियां मार दी। घायल रवि अपने दोस्तों के साथ आग जलाकर हाथ सेक रहा था। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, घायल हालत में रवि को पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।आशंका जाहिर की जा रही है रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसपर हमले का आरोप है वह त्रिलोकपुरी का रहने वाला है। घायल पर मारपीट समेत कई आपराधिक केस दर्ज हैं। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखा, एक और सुबह दिल दहला देने वाली खबर के साथ। सरेआम गोलियां चल रही हैं।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

बदलाव की बयार के साथ विद्यार्थियों को क्षमतावान बनाने की कोशिश

118 लेक्चचर, 96 शिक्षक और 263 सहायक शिक्षकों, 40 पीवीटीजी सहित 500 से अधिक शिक्षकों की हुई नियुक्ति

कोरबा । कुछ समय पहले तक अपने विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थी परेशान थे। स्कूलों में विषय से संबंधित शिक्षक नहीं होन या फिर एकमात्र शिक्षक होने और कभी-कभी उनके अवकाश में रहने से अध्यापन ठप होने जाने की शिकायत पालकों की भी रहती थी। कई बार शिक्षकों की कमी को लेकर प्रदर्शन तक भी होते रहते थे। शिक्षकों की कमी का सबसे ज्यादा खामियाजा विद्यार्थियों को ही भुगतना पड़ता था। समय पर पाठयक्रम पूरे नहीं होते थे तो उन्हें विषय का ज्ञान भी नहीं मिल पाता था। कई बार तो शिक्षकों की कमी को देखते हुए कुछ विद्यार्थी अपने आसपास के विद्यालयों से दूर जाकर अन्य विद्यालय तक में पढ़ाई करते थे। वहीं शिक्षक नहीं होने पर सीमित संख्या में उपलब्ध शिक्षकों के कंधे पर भी अन्य विषयों का अध्यापन कराने की मजबूरी आ जाती थी। कुछ इन्हीं समस्याओं को ध्यान रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। जिले में सैकड़ों ऐसे विद्यालय थे, जहां शिक्षकों की कमी थीं, उन विद्यालयों में विषय से संबंधित लेक्चचर, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। अब शिक्षक नियुक्त हो जाने से विद्यालयों में अध्यापन व्यवस्था पहले से बेहतर हो गई है।

जिले में शिक्षा व्यवस्था को पहले से और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जिले में दो हजार से अधिक विद्यालय है। हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला विद्यालय में शिक्षकों की कमी की शिकायत लगातार कलेक्टर के पास आती रहती थी। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से सभी विद्यालयों की जानकारी जुटाकर शिक्षकों की कमी को दूर करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषय शिक्षकों की भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए और निर्धारित अर्हता पूरी करने वाले उम्मदवारों का चयन किया गया। प्राथमिक शाला कोरई में मानदेय के आधार पर नियुक्त हुई शिक्षिका चंद्रिका पैंकरा और प्राथमिक शाला कदमझेरिया की शिक्षिका शकुंतला कंवर ने बताया कि स्कूल में अतिथि शिक्षक के रूप में जिम्मेदारी मिलने के बाद वे भी जिम्मेदारी के साथ बच्चों का अध्यापन करा रहे हैं। यह खुशी की बात है कि शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता बरतते हुए गांव के बेरोजगार योग्य युवाओं को भी अवसर दिया गया है। जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कुल 118 लेक्चरर की नियुक्ति की गई। इसी तरह माध्यमिक शाला में 96 शिक्षकों और प्राथमिक शाला में 263 सहायक शिक्षकों सहित 40 पीवीटीजी शिक्षकों की नियुक्ति की गई। कुल 517 शिक्षकों की नियुक्ति जिले में की गई है। सभी शिक्षकों को मानदेय के आधार पर रखा गया है और डीएमएफ से उन्हें प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। जिसमें रिक्त पदों के विरूद्ध शिक्षकों की नियुक्ति हो जाने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिलने लगा है। उनका समय पर पाठयक्रम पूरा हो रहा है वहीं विषय ज्ञान का स्तर भी सुधरने लगा है। एकल शिक्षकीय विद्यालयों में भी शिक्षकों को राहत मिली है। अभिभावक भी इस व्यवस्था से संतुष्ट है। खास बात यह भी है कि शिक्षकों की नियुक्ति में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समाज को भी वरीयता दी गई है।

उन्हें भी उनकी योग्यता के आधार पर जिले के अनेक विद्यालयों में शिक्षक सहित भृत्य एवं अन्य पदों पर रखा गया है, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर समाज की मुख्यधारा में आ सकें।

भृत्यों की नियुक्ति सहित अन्य सुविधाओं पर भी दिया गया है ध्यान -

जिले के हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला विद्यालय में लेक्चचर, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों की नियुक्ति तो की ही गई है। इसके साथ ही विद्यालयों में 270 भृत्य भी नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जर्जर विद्यालयों की भी सुध ली है। उन्होंने जर्जर भवनों की जानकारी मंगाकर नए भवन स्वीकृत किए हैं। जिले में संचालित शासकीय संस्थाओं के भवन, किचन शेड, शौचालय इत्यादि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकता अनुसार स्वीकृति दी गई है। जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु केंद्रीय परीक्षा पद्धति अपनाते हुए जिले के समस्त विद्यालय हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित कर नियत समय पर त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के समकक्ष छात्र-छात्राओं के लिए बोर्ड परीक्षा के पूर्व शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु नवीन कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के 2100 से अधिक प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने नाश्ते वितरण कराए जा रहे हैं। खाना पकाने गैस कनेक्शन दी गई है। विद्यालयों में आवश्यक संसाधन मुहैया कराया जा रहा है और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

महतारी वंदन योजना से संवर रहा जिले की महिलाओं का भविष्य

दिव्यांग सुनीता ने सहेजे 10 हजार रुपए

कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के वर्तमान के साथ-साथ उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत, राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की जा रही है,जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम और बढ़ाती है।

इन महिलाओं में डिंगापुर, कोरबा निवासी दिव्यांग सुनीता का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। श्रीमती सुनीता गुप्ता जो शारीरिक रूप से विकलांग हैं, महतारी वंदन योजना से जुड़ने के बाद अपने जीवन में एक नई उम्मीद और बदलाव महसूस कर रही हैं। उन्होंने इस योजना के तहत मिले एक-एक रुपए को सहेजते हुए,अब तक 10 हजार रुपए जमा कर लिए हैं।सुनीता बताती हैं, यह राशि मुझे अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी।

पहले कभी सोच भी नहीं सकती थी कि मेरी छोटी सी बचत भी किसी बड़े काम आ सकती है, लेकिन महतारी वंदन योजना ने मुझे अपने सपनों को साकार करने का रास्ता दिखाया है। मैंने दस महीनों में मिले 10 हजार रुपए पोस्ट ऑफिस कोरबा में अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए 5 वर्ष के लिए जमा कर दिए हैं।यह राशि मेरे परिवार का भविष्य संवारने में मील का पत्थर साबित होगी।

सुनीता की तरह अन्य महिलाएं भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं और अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार ला रही हैं। महतारी वंदन योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है, जिससे महिलाओं को न केवल आर्थिक स्वतंत्रता मिल रही है, बल्कि उन्हें अपने भविष्य को संवारने का भी अवसर मिल रहा है।

योजना की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास किए जाते हैं, तो वे समाज की दिशा और दशा दोनों बदल सकती हैं। महतारी वंदन योजना से जुड़ी महिलाओं का जीवन अब एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

दायरे से बाहर जाकर एसईसीएल ने किया कोयला खनन लगा जुर्माना

कोरबा। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में लीज क्षेत्र से बाहर जाकर कोयला खनन के मामले में पर्यावरण विभाग भी जांच करेगा।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधीक्षण अभियंता ने क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। खनिज विभाग पहले से ही जांच कर रहा है। अब तक 1115 करोड़ की पेनल्टी लगाया जा चुका है। कुसमुंडा खुले मुहाने की कोयला खदान को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से लीज क्षेत्र में कोयला खनन करने की मंजूरी है, लेकिन वर्ष 2006 के पहले और वर्तमान वर्ष तक क्षेत्र के बाहर खनन की शिकायत मिली है। मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट ने माइनिंग विभाग के साथ ही पर्यावरण संरक्षण मंडल में भी शिकायत की है। इसमें आरोप लगाते हुए कहा गया हैं कि एसईसीएल प्रबंधन ने स्वयं बताया कि कितने क्षेत्र में कोयला खान किया है। वर्ष 2006 में लीज क्षेत्र 1673 हेक्टेयर में से 750 हेक्टेयर में खनन करना था, लेकिन 950 हेक्टेयर अधिक जमीन में खनन किया है। 2009 में माइनिंग एरिया 2536 हेक्टेयर में से 1666 हेक्टेयर में खनन की अनुमति थी, लेकिन 2666 हेक्टेयर में उपयोग कर 1274 हेक्टेयर में खनन किया। वर्ष 2014 में भी 2536 हेक्टेयर और उत्खनन क्षेत्र 1066 हेक्टेयर निर्धारित किया गया था, लेकिन 1483 हेक्टेयर में माइनिंग की गई है। इसी तरह लीज क्षेत्र 1673 हेक्टेयर से बढ़ाकर 2536 हेक्टेयर करना था।

चैतमा की पटेल दंपत्ति को मौका मिला अयोध्या दर्शन का

कोरबा। खेती-किसानी में उलझे द्वारिका पटेल ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उन्हें भी मुफ्त में तीर्थ यात्रा का मौका मिलेगा। उनकी पत्नी रामा बाई को भी कभी लगता नहीं था कि वह अपने पति के साथ रामलला का दर्शन करने अयोध्या जा पाएगी। जब से अयोध्या में मंदिर बना और रामलला विराजमान हुए तब से रामबाई की इच्छा थी कि वह भी भगवान राम का दर्शन करें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तीर्थ यात्रियों का चयन किए जाने के लिए आवेदन मंगाए जाने पर पटेल दम्पति ने अपना आवेदन जमा किया और ये भाग्यशाली रहे कि लॉटरी में भी दोनों का नाम निकल आया। अपना नाम आने के बाद खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए पति-पत्नी ने खुशी-खुशी कोरबा से अयोध्या तक यात्रा की और अयोध्या जाकर अपनी इच्छाओं को पूरा किया। अयोध्या से रामलला का दर्शन करने के बाद खुद को धन्य समझने वाले पटेल दम्पति ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित छत्तीसगढ़ की सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।

रामलला दर्शन तीर्थ यात्रा के यादगार पलों को बताते हुए द्वारिका प्रसाद खुद को बहुत रोमांचित महससू करते हैं। पाली विकासखंड के ग्राम चैतमा में रहने वाले किसान द्वारिका पटेल ने बताया कि पत्नी रामाबाई के साथ रामलला दर्शन के लिए चयन होने के बाद दोनों कोरबा से बस में सवार होकर बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां अन्य यात्रियों के साथ सभी का स्वागत अभिनंदन किया गया। स्पेशल ट्रेन में सवार होने के बाद वे अयोध्या तक पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में भजन-कीर्तन का माहौल था और भगवान श्रीम राम के जयकारे के साथ लंबी दूरी की यात्रा का पता ही न चला। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर और उनकी प्रतिमा को देखकर सजीवता का अहसास हुआ। यह पल बहुत ही सुखद अनुभूति कराने वाला अविस्मरणीय पल था। रामाबाई ने बताया कि तीर्थ यात्रा में पति के साथ जाने का मौका मिला। अन्य तीर्थ यात्रियों के बीच मेल मिलाप और पारिवारिक रिश्ते जैसे अनुभव हुए। उन्होंने कहा कि यात्रा यादगार रही। अभी भी उस यात्रा को याद करने पर भगवान रामलला आंखों में दिखाई देते हैं। रामाबाई ने बताया कि हम दोनों दिन भर खेती किसानी के कार्य में व्यस्त रहते हैं और अपने गांव के आसपास से कही और नहीं जा पाते। छत्तीसगढ़ की सरकार ने घर से लेकर अयोध्या तक बस, स्पेशल ट्रेन और नाश्ते-भोजन के साथ रहने की व्यवस्था की और बिना पैसा लिए निः शुल्क में श्री रामलला दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से हम जैसे परिवारों को सुनहरा मौका दिया उसके लिए हम धन्यवाद करते हैं।

फ्लोरमैक्स ने की ठगी,केन्द्रीय एजेंसी से मामले की जांच कराने ननकीराम मिले अजजा आयोग से

कोरबा। फ्लोरमैक्स ठगी मामले में ननकी राम कंवर ने केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अतर सिंह आर्य को ज्ञापन सौपते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई या ईडी से मामले की जांच करने की मांग रखी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर एक सप्ताह के दिल्ली प्रवास पर थे जहां उन्होंने अनुसूचित जनजाति आयोग के केंद्रीय अध्यक्ष अतर सिंह आर्य से मुलाकात करते हुए कोरबा जिले सहित आसपास के जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से जुड़े महिलाओं को फ्लोरमैक्स कंपनी के नाम से 40000 से अधिक महिलाओं के साथ जिनमें अधिकतर महिला आदिवासी वर्ग से जुड़ी हुई है उनके साथ अरबो रुपए का ठगी होने की बात को संज्ञान में दिलाया गया। ननकी राम कंवर ने यह भी कहा कि इस ठगी में ग्रामीण क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध प्रशासन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है और सभी थाना चौकी क्षेत्र में फ्लोरामेक्स के नाम से अलग-अलग ठगी

व धोखाधड़ी करने का अपराध घटित हुआ है। लेकिन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को ठगने वाले लोगों पर कार्यवाही करने के बजाय नजर अंदाज करते हुए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। इस स्कैम में फाइनेंस कंपनी के लोग एवं फ्लोरामैक्स से जुड़े कुछ मास्टरमाइंड किस्म के दलाल भी शामिल है। लेकिन प्रशासन की कार्यशैली को देखते हुए ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार को बदनाम करने के लिए उनकी महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाओं का विश्वास को तोड़ने के लिए प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी फ्लोरमैक्स के लिए जिम्मेदार लोगों को काम करने के लिए लगाया गया था। लेकिन प्रशासन अभी तक अपने विभाग में हुई गड़बड़ी की जांच तक नहीं करा रही है इसलिए सभी पहलुओं की जांच के संबंध में सीबीआई या ईडी जैसे केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया है। ननकी राम कंवर पूर्व मंत्री के द्वारा पहले भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध कई धमाका किया गया था। जिसके कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश की कई आईएएस ऑफिसर जेल की हवा खा रहे हैं। जिसमें कई डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक अधिकारी एवं ठेकेदार जेल में बंद है।

ननकी राम कंवर ने पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी घोटाला सहित महादेव ऐप घोटाला, कोयला घोटाला ,शराब घोटाला, जिला खनिज संस्थान न्यास मद में हुए घोटाला, जल जीवन मिशन में चल रहा है घोटाला को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई थी।

निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की सूचना

कोरबा । नगरीय निकाय आम चुनाव 2024-25 के तैयारी हेतु जनसाधारण की जानकारी के लिये यह अधिसूचित किया गया है कि जिले के नगरपालिक/नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत के समस्त वार्डों के अंतर्गत आने वाले समस्त भागों के निर्वाचक नामावलियों का छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के अनुसार 01 अक्टूबर 2024 के संदर्भ के संशोधनों सहित, प्रकाशित कर दी गई है और निर्वाचक नामावली उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कोरबा के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

नल-जल की सुविधा से आया पानी का सही स्वाद

कोरबा। कुछ महीने पहले तक घर से बाहर के हैंडपम्प में जाकर सुबह-शाम पानी भरकर घर लाना कोथारी गांव की महिला सुखमती बाई की दिनचर्या थी। वह रोज सवेरे उठ जाती, गांव की अन्य महिलाओं के बीच अपनी बारी आने पर हैंडपम्प के नीचे अपना बर्तन रखती और हाथों से हैंडपम्प चलाती, फिर पानी घर लाती। कई सालों तक इसी तरह घर में पानी का इंतजाम करती आई सुखमती बाई को पानी तो मिल जाता था, लेकिन वह इस पानी से खुश नहीं थी। इतनी मेहनत करने के बाद पानी लाने वाली सुखमती बाई जब कभी पानी पीती तो उन्हें इसका स्वाद बिल्कुल भी नहीं भाता था, क्योंकि पानी में लोहे का स्वाद आता था। घर के अन्य सदस्यों को भी पानी का स्वाद पसंद नहीं था। हैंडपंप के अलावा पानी का कोई विकल्प नहीं होने की वजह से सभी मजबूरी में लोहे का स्वाद वाला पानी पी जाते थे। अब जबकि जल जीवन मिशन से गांव के घरों में नल लग गया है तो सुखमती बाई सहित परिवार के अन्य सदस्यों और गांव के लोगों को पानी का स्वाद बढ़िया लगता है। उन्हें पानी लोहा-लोहा नहीं लगता।

करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोथारी की श्रीमती सुखमती बाई ने बताया कि कुछ महीने पहले ही उनके गांव में नल का कनेकशन आया और घर-घर में नल लगा। नल लगने से सुबह और शाम को पानी घर पर आता है। पानी का नल घर पर लगने के बाद उन्हें हैंडपम्प की ओर जाने की जरूरत भी नहीं पड़ती। सुखमती बाई ने बताया है कि हैंडपम्प से पानी निकालने के लिए मेहनत तो करनी पड़ती थी, इसके साथ ही सिर पर वजनदार पानी से भरा बर्तन उठाकर लाना पड़ता था। यह सब करने के बाद भी पानी का स्वाद लोहा-लोहा होने से मन टूट जाता था। मजबूरी में लोहे के स्वाद वाले पानी को प्यास बुझाने के लिए पीते थे और अन्य घरेलू कार्य में भी उपयोग में लाते थे। उन्होंने बताया कि पानी का नल लगने के बाद पानी से जुड़ी सभी समस्याएं दूर हो गई है। न तो उन्हें पानी निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ती है और न ही घर लाना पड़ता है। घर में जरूरत के हिसाब से पानी को इक्ट्ठा करते हैं और उपयोग में लाते हैं।

उन्होंने जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों में नल कनेक्शन देने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पानी की समस्या से जूझ रहे सभी लोगों को राहत मिली है। पानी आज सबसे पहली जरूरत है और इसके बिना कुछ भी काम संभव नहीं है। गौरतलब है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीणजनों को हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कोरबा जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 703 ग्रामों में 2,07,076 घरेलू नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों ने जेजेएम के कार्यों में प्रगति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद दिया।

अंजिता ने व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा में हासिल की सफलता-बनी सिविल जज

कोरबा। कोरबा-पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत गेवरा की रहने वाली अंजिता खूंटे ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा-2023 में सफलता हासिल कर सिविल जज बन गई हैं। अंजिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

अंजिता के पिता धनराम सूर्यवंशी एसईसीएल गेवरा परियोजना के सिक्योरिटी विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अंजिता का कहना है कि यह सफलता उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार के समर्थन का परिणाम है। इस परीक्षा में कुल 49 पदों के लिए 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चुना गया था, जिनमें से 150 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की गई थी। सिक्योरिटी इंस्पेक्टर धनाराम सूर्यवंशी ने कहा कि बेटी अंजिता खूंटे की इस उपलब्धि ने उनके परिवार को गौरवान्वित किया है। पूरे समाज एवं परिवार में उनका मान सम्मान बढ़ा दिया है। बेटी की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि आत्मविश्वास और समर्पण से किसी भी कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

625.28 करोड़ से अधिक लागत की देंगे अनेक विकास कार्यों की सौगात

कोरबा 11 दिसम्बर 2024 /मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का 12 दिसंबर 2024 कोरबा प्रवास के दौरान जिलेवासियों को लगभग 625 करोड़ 28 लाख 56 हजार से अधिक लागत की 284 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही 02 करोड़ 69 लाख 34 हजार की सामग्री का विभिन्न विभागों के 400 से अधिक हितग्राहियों को वितरण करेंगे। श्री साय विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 284 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों में 17 करोड़ 43 लाख 46 हजार से अधिक राशि के 34 कार्यों का लोकार्पण एवं 607 करोड़ 85 लाख 10 हजार से अधिक राशि की 250 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल हैं।

कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथी के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, विधायक कटघोरा श्री प्रेम चंद पटेल, विधायक रामपुर श्री फुलसिंह राठिया, विधायक पाली तानाखार श्री तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, सभापति श्री श्याम सुंदर सोनी, नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किए जाने वाली 34 लोकार्पण कार्यों में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कुल 02 निर्माण कार्य शामिल हैं। जिसके अंतर्गत पीडब्ल्यूडी (सेतु) द्वारा कटघोरा ब्लॉक में दीपका-जवाली-चाकाबुड़ा मार्ग में सलिहा नाला पर 04 करोड़ 85 लाख 56 हजार की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल एवं पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सपलवा में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन अंतर्गत 62 लाख 83 हजार राशि की लागत से निर्मित नवीन हाईस्कूल भवन शामिल हैं।इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 02 करोड़ 76 लाख 60 हजार की लागत से बालको से गढ़उपरोड़ा व्हाया सतरेंगा मार्ग के आर.डी. 15.7 कि.मी. में 01 वृहद पुल का निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजनांतर्गत 02 करोड़ 63 लाख 65 हजार राशि की लागत से एकल ग्राम योजना, रेट्रो फिटिंग योजना व सोलर आधारित योजना के 06 कार्य, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय मदों से 01 करोड़ 93 लाख 25 हजार राशि की लागत से वृहद वृद्धाश्रम का नवीनीकरण कार्य, एन.सी.ए.पी. योजनांतर्गत 04 विभिन्न स्थानों में फव्वारे का निर्माण कार्य व वार्ड क्र. 16 में भवानी मंदिर कोहड़िया नया पुल से प्रगति नगर मोड़ तक प्रदाय व्यवस्था के 03 कार्य, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 01 करोड़ 87 लाख 92 हजार की लागत से जिला चिकित्सालय के स्टाफ क्वार्टर, पब्लिक हैल्थ लैब (हमर लैब), जिला क्षय नियंत्रण भवन व बर्न वार्ड निर्माण के 04 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा डीएमएफ मद से 02 करोड़ 54 लाख 35 हजार राशि की लागत से प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला भवन व सीसी रोड निर्माण, नवीन माध्यमिक व प्राथमिक शाला भवन (पुराना भवन विनष्टीकरण सहित) अन्य निर्माण के कुल 16 कार्य, वनमण्डल कटघोरा अंतर्गत 19 लाख 30 हजार राशि की लागत से समिति कार्यालय भवन निर्माण के कुल 02 कार्य शामिल हैं।

भूमि पूजन के कार्यों के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका निगम कोरबा व कटघोरा में डीएमएफ, अधोसंरचना, 15 वें वित्त सहित अन्य मदों से 176 करोड़ 80 लाख 54 हजार लागत के 88 कार्यों का भूमि पूजन/शिलान्यास किया जाएगा।

राइस मिलर्स आज से हड़ताल पर, चरमराएगी धान खरीदी व्यवस्था



अकलतरा। धान खरीदी में इन दिनों तेजी आ गई है। आलम यह है कि केन्द्रों में धान का अंबार लगने लगा है। ऐसे समय में गुरूवार 12 दिसंबर से राईस मिलर्स अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले जाएंगे। राईस मिलरों की हड़ताल से धान का उठाव नहीं हो पाएगा। जिससे धान खरीदी की व्यवस्था चरमराएगी।

जिले में 129 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से धान खरीदी की जा रही है। शुरूआती दौर में आवक काफी कम थी। नवंबर माह तक करीब डेढ़ लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। दिसंबर माह में धान की आवक काफी बढ़ी है। पिछले सप्ताह भर से केन्द्रों में किसानों की भीड़ लग रही है। जिले में 8 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। कई केन्द्रों में बफर लिमिट भी पार हो गई है। इधर धान का उठाव अब तक शुरू नहीं हो सका है। राईस मिलर्स के माध्यम से धान का उठाव किया जाना है। इसके लिए राईस मिलर्स के पंजीयन का काम भी चल रहा था। इसी बीच बुधवार 11 दिसंबर को राईस मिलर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर में गुरूवार 12 दिसंबर से हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी है।

राईस मिलर्स के हड़ताल पर जाने से उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो पाएगा। ऐसे में अगर राईस मिलर्स की हड़ताल लंबी चलती है तो समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। हड़ताल को लेकर राईस मिलर्स का कहना है कि बुधवार 11 दसंबर को छत्तीसगढ़ शासन की हुई कैबिनेट में वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी। साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो पाया। सरकार के कैबिनेट के निर्णय के बाद अब पुन: प्रदेश एसोसिएशन अपने मिलर्स के साथ कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर पुनर्विचार करेगा। मिलर्स को मिल संबंधी खचर्चों के लिए भुगतान करने की और अपना काम

करने पैसों की जरूरतें थी । इसके लिए पिछले दिनों पूरे प्रदेश के मिलरों ने अपनी कुछ मांगों के पूरा होने तक कस्टम मिलिंग कार्य से दूरी बना ली थी। सरकार ने मिलर्स से चर्चा कर बड़ा आश्वासन दिया लेकिन अब पूरे प्रदेश के मिलर्स सरकार के वर्तमान निर्णय के खिलाफ हैं कि मिलर्स का वर्ष 2022-23 के बजाय वर्ष 2023-24 का भुगतान किया जाए। मिलरों की मांग है कि पहले पुराने वर्षों का भुगतान मिलना चाहिए। अपनी मांगों को लेकर राईस मिलर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री, सहकारिता मंत्री, राज्यपाल एवं केन्द्रीय खाद्य मंत्री से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की है।

विधायक के प्रयास से हाट बाजार निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 50 लाख स्वीकृत

अकलतरा। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा धान खरीदी केंद्रों में पक्का फड़, शेड निर्माण, बाउंड्री वॉल कार्य एवं ग्राम पंचायतों में हाट बाजार निर्माण

कार्य के लिए मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को ज्ञापन सौपा गया था। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड द्वारा कृषि उपज मंडी मंडी विकास निधि से ग्राम पंचायत कटघरी तिलई, परसाही बाना एवं कटनई में हाट बाजार निर्माण कार्य के लिए प्रत्येक ग्राम में 39.42 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के साथ सेवा सहकारी समिति कोटगढ़ किरारी, पकरिया झुलन करूमह, हरदी में 1-1 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य के लिए 8.81 लाख रुपए प्रत्येक सेवा सहकारी समिति में स्वीकृत करने के साथ सेवा सहकारी समिति तरौद एवं अमोरा में एक एक नग शेड निर्माण कार्य के लिए 14.79, 14.79 लाख रुपए एवं कृषि उपज मंडी प्रांगण अकलतरा में अहाता निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 87 हजार रुपए कुल 2 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

नाबालिग से दुष्कर्म, युवक को 20 साल का कारावास

जांजगीर। नाबालिग को बहला फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दोषी को कोर्ट ने 20 साल जेल और जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह ने बताया कि नाबालिग 18 सितंबर 23 को करीब 10 बजे की शाम घर से निकली तो फिर नहीं लौटी। परिजनों ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने धारा 363 के तहत केस दर्ज कर पीड़िता को ढूंढ निकाला। प्रकरण में जांच के दौरान पीड़ित की सहमति प्राप्त कर उसकी जांच कराई। उसके बयान के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्याय?लय में पेश किया गया। अभियोजन ने आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसला कर अपहरण और दुष्कर्म करने की बात कही। इस पर अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बारा ने शिवशंकर(20) निवासी बरपारा(मुरली), थाना हरदीबाजार जिला कोरबा को विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल का जेल और 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा का फैसला

जांजगीर चांपा। नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा ने 20 साल कठिन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अभियोजन के अनुसार प्रार्थी की बहन 18 सितंबर 2023 को शाम करीब 7 बजे टॉयलेट के लिए निकली थी। घर वापस नहीं आई। जिस पर प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना में धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता मिल गई। पीड़िता का चिकित्सीय मुलाहिजा कराया गया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर अभियोजन ने तर्क दिया कि आरोपी द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म किया गया है। यह निश्चित ही दंडनीय अपराध है। आरोपी को कठोर से कठोर दंड दिया जाए। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा ने कोरबा जिला के हरदीबाजार थाना के गांव बरपारा निवासी शिवशंकर पिता गोपाल सिंह (20) को धारा 6 के तहत 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 1 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक (पाक्सो) चंद्रप्रताप सिंह ने पैरवी की।

धान खरीदी आपरेटर संघ भी अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह पर

जांजगीर चांपा। धान खरीदी पर संकट के बादल, अब ऑपरेटर संघ ने किया हड़ताल में जाने का ऐलान किया है। इस हड़ताल से शासन प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। आपरेटर के हड़ताल में जाने से खरीदी प्रभावित होगी। कोई वैकल्पिक व्यवस्था अब तक नहीं बनाई जा सकी है। ऐसे में किसानों की भी परेशानी बढ़ जाएगी।

ज्ञात हो कि प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इसमें किसानों का टोकन से लेकर धान खरीदी के रोज के आंकड़े समेत अन्य कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटरों के द्वारा किया जाता है। वहीं अब जाकर धान खरीदी ने रफ्तार भी पकड़ी है। उपार्जन केंद्रों में धान की भरपूर आवक होने लगी है। इस स्थिति पर अगर कम्प्यूटर ऑपरेटर काम छोड़कर आंदोलन में चले जाएंगे तो धान खरीदी बेपटरी हो जाएगी। एक तरह से खरीदी बंद हो जाएगी। ऐसा हुआ तो किसानों की भी मुसीबत बढ़ जाएगी डेढ़ माह का ही समय बचा है। अगर खरीदी बंद हो जाएगी तो किसानों के पास धान बेचने के लिए समय कम मिलेगा। इस स्थिति में शुरू जब खरीदी होगी तो धान बेचने किसानों में होड़ मच जाएगी और र अव्यवस्था का आलम होगा। धान खरीदी में एक बार फिर से संकट के बादल छा गए हैं। ले-देकर मिलर्स राजी हुए है और उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव पटरी पर आया ही है तो वहीं दूसरी ओर कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने हल्ला बोल दिया है।

शासन के आश्वासन मिलने पर स्थगित किए गए आंदोलन तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आज से धान खरीदी केन्द्र के आपरेटर संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की चेतावनी दी है। हड़ताल में बहल जाने से खरीदी पूरी तरह से ठप पड़ जाएगी। एक तो पहले ही मिलर्स उठाव नहीं कर रहे थे, अब राजी होने के बाद आपरेटर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सहकारी समितियों के कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने फिर से शुरू करने की चेतावनी दे दी है। धान खरीदी शुरू हो जाने के 25 दिनों बाद भी उनकी मांगों पर किसी तरह पहल नहीं होने पर संघ ने 12 दिसंबर से बेमुदत हड़ताल पर जाने का निर्णय ले लिया है। बुधवार को शासन की ओर से कोई हल नहीं निकाला गया हैं। इस कारण प्रदेशभर के धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर आज से राजधानी रायपुर में धरने में बैठ जाएंगे। इससे धान खरीदी उप पड़ जाएगी। इससे शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ गई। वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की बात कही जा रही है लेकिन अभी भी प्रशासन आवेदन दिए है कि लेकिन हड़ताल में जाने की बात कह रहे है। हड़ताल में चले जाने की स्थिति में किसी प्रकार का वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। हालाकि प्रबंधक के भरोसे खरीदी कराने की बात कही जा रही है।

नियमों को दरकिनार कर महानदी का सीना चीर रेत का अवैध उत्खनन

शिवरीनारायण। शिवरीनारायण क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर हर रोज रेत का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी जिम्मेदार विभाग के अफसरों को ना हो। इन सबके बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

ज्ञात हो कि शिवरीनारायण क्षेत्र - में महानदी का सीना चिरकर रेत निकालने से बाज नहीं आ रहे हैं, मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अभी तक शिवरीनारायण क्षेत्र में रेत माफियाओं के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। रेत माफियाओं को लगता है कि प्रशासन और खनिज विभाग ने खुली छूट दे रखी है तभी तो खुलेआम रेत माफियाओं ने अपना ठिकाना जमा रखा है। महानदी के रेत घाटों का संचालन करने वाले ज्यादातर ठेकेदार नगर के ही हैं।

इसके चलते भी उन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जबकि रेत माफिया बिना रायल्टी के रोजाना रेत बेच रहे हैं। खनिज उड़नदस्ता के द्वारा सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक रेत

माफियाओं ने महानदी किनारे केरा रोड लगे जमीनों और महानदी के तटो पर रेत निकालकर दर्जनो टीले वाहनों मे भरने के लिये लगा रहे है और इस काम के लिये उन्होने बकायदा मजदूरों को लगाया है। यहां से प्रतिदिन दर्जनों टेक्टर, डंपर आदि वाहनों से रेत दूसरे स्थान तक विक्रय किया जाता है। महानदी से निकलने वाली रेत को खनन माफिया ऊंचे दाम में बिना रायल्टी पर्ची के बेच रहे है। वर्तमान में महानदी के रेत उत्खनन की स्थिति यह है कि सुबह से पूरी रात तक रेत की निकासी और परिवहन किया जा रहा है। नदी में अवैध उत्खनन में लगे टेक्टरों में कृषि कार्य में उपयोग के नाम से लिये गए टेक्टर भी शामिल है। जिन्हें कृषि कार्य के नाम पर खरीदा तो गया है परंतु उपयोग रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में किया जा रहा है। नगरवासियों और क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनके द्वारा महानदी में अवैध खनन की जानकारी व शिकायत कई बार खनिज अमले को दी गई है। लेकिन उन्होने इसे गंभीरता से नही लिया नतीजतन वर्तमान में जगह जगह महानदी की छलनी हो रही है।

जनसमस्या निवारण शिविर में 323 आवेदन मिले

जांजगीर। ग्राम पंचायत सलखन में ग्रामीणों की मांग व समस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ देने के लिए जनपद पंचायत नवागढ़ के सलखन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया। इसमें मांग और समस्याओं से संबधित 323 आवेदन मिले। प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में दर्ज कराई गई। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सहित अतिथियों ने देखा और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने कहा कि शासन की योजनाएं आम नागरिक तक पहुंचे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, गुलाब चंदेल, एसडीएम ममता यादव, जनपद पंचायत सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

रुपए निकालने किसानों को बैंक में चक्कर लगाने से मिली मुक्ति

पामगढ़। सेवा सहकारी समिति में इन दिनों धान की खरीदी जोरों पर है। प्रदेश भाजपा सरकार के वादे के मुताबिक किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान कि खरीदी की जा रही है। साथ ही

चुनाव के समय प्रदेश भाजपा द्वारा किसानों से एक और वादा भी किया गया था जो इस वर्ष होता हुआ दिखाई दे रहा है।

धान खरीदी केन्द्रों में सरकार ने इस बार प्रदेश के अंदर धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए मिनी एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराई है जिससे कि किसान धान बिक्री के बाद एकाउंट में पैसे जमा हो जाने पर अपने धान खरीदी केंद्र पर ही एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक दिन 10 हजार रूपए निकाल सकते हैं। कोसला धान खरीदी केंद्र अंतर्गत ग्राम कोसला के किसान विकास साहू ने धान बिक्री करने के बाद समिति केन्द्र पैसा निकालने पहुंचे, जिसे समिति प्रबंधक रितेश तिवारी ने मिनी एटीएम में कार्ड डालकर किसान को नगद दस हजार रूपए प्रदान किए। कोसला समिति के प्रबंधक रितेश तिवारी ने बताया कि किसानों को मिलने वाली सुविधाओं से सभी बहुत खुश हैं, समिति केंद्र में धान की खरीदी जोरों पर है, बिक्री के बाद सभी किसानों को मिनी एटीएम के माध्यम से नगदी भुगतान किया जा रहा है, इसके अलावा किसान डिजिटल सुविधाओं का इस्तेमाल करते हुए टोकन तूंहर हाथ एप के माध्यम से घर बैठे अपना टोकन काट ले रहे हैं, साथ ही समिति केन्द्र अन्तर्गत चार गांव कोसला, पेंड्री, भंवतरा, और पनगांव के किसानों को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है, जिसमें समय-समय पर आवश्यक जानकारियां किसानों को प्रदान की जाती है। इस मौके पर समिति के प्रबंधक रितेश तिवारी, कंप्यूटर आपरेटर रवि वर्मा, सुखदेव पटेल व समिति के अन्य कर्मचारी, किसान विकास साहू, सतानंद साहू, सतेल साहू, गौरव तिवारी, प्रियांशु यादव, ओमप्रकाश पटेल, लाल, बुधराम साहू एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

परियोजना अधिकारी ने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया

मालखरौदा: महिला व बाल विकास परियोजना अधिकारी मालखरौदा ने गत दिनों नवरंगपुर, आड़िल सहित अनेक केंद्रों का लगातार क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता व सहायिकाओं से बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार और उपस्थिति की जानकारी ली। वहीं निर्देशित किया कि सभी केंद्रों में बच्चों का उपस्थिति दर्ज संख्या अनुसार करें। परियोजना अधिकारी सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर रहें हैं, ताकि व्यवस्था सही ढंग से सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मंशा अनुरूप सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो सुविधा दी है, उसी प्रकार बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा मिलनी चाहिए व केंद्रों में परेशानी या असुविधा सहित जानकारी भी हासिल करने सघन दौरा किया जा रहा है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनी रत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

SECL/GM(Min)/KSM/VTC/2024/708 Date 19.11.2024

जांच कार्यवाही हेतु सूचना

कुसमुण्डा परियोजना में कार्यरत श्री अरुण कुमार आ. शिवकरन सिंह, पदनाम जन. मजे. कोट-I "I" कार्मिक संख्या 58610215 को अनुशासनहीन अनुपस्थिति के कारण आरोप पत्र जारी किया गया था। आरोपित कर्मचारी को विभागीय जांच कार्यवाही में उपस्थित होने हेतु बीच चार बी-फार्म में दर्ज पत्र पर सुलभ मौका गया किंतु संबंधित कर्मचारी के विभागीय जांच कार्यवाही में सम्मिलित न होने के कारण जांच कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पा रही है।

नैसर्गिक न्याय सिद्धान्त के तहत सामान्य दृष्टिकोण अपनाते हुए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निम्नलिखित कर्मचारी को अंतिम पेशकश हेतु समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है ताकि अपना पक्षकार संबंधी पक्ष प्रस्तुत कर सकें पेशकश दिनांक एवं समय नाम के समक्ष दी गई है।

उक्त संबंधित कर्मचारी को अपने समक्ष उपस्थित, गवाही, साक्ष्यकी (यदि कोई हो तो) को साथ लेकर उपस्थित होने का अनुरोध किया जाता है। उपस्थित न होने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आरोपी कर्मचारी के पास अपने बचाव में कोई उपयुक्त स्पष्टीकरण नहीं है या जांच कार्यवाही में भाग नहीं लेना चाहते है, फलस्वरूप प्रशंसन, अनुशा संहिता नियमावली के तहत एक पक्षीय निर्णय लेते हुए, अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु समाप्त होगा।

नाम/पता	पदनाम/कार्मिक संख्या	आरोप पत्र क्रमांक एवं दिनांक	अंतिम पेशकश की तिथि समय एवं स्थान
श्री अरुण कुमार आ. शिवकरन सिंह ग्राम - गोंड - पामगढ़ पोस्ट- नारियाडूब जिला- जलांजगीर छ.ग. पिन- 497223	जन. मजे. कोट-I "I" कार्मिक संख्या 58610215	साइकॉलिन/मज/(एस)/कार्मिक/अनुशासन/2024/542 दिनांक 05.05.2024	दिनांक: 23.12.2024 समय 04.30 बजे कार्यालय व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र कुसमुण्डा परियोजना

SECL/24-25/263 जांच अधिकारी
एसईसीएल,कुसमुण्डा परियोजना

वार्ड नं. 17 में 25 लाख रुपए से सीसी रोड और नाली बनेगी

जांजगीर-चाम्पा। नगर के वार्ड क्रमांक 17 में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का वार्डवासियों की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि विगत 5 साल में नगर के प्रत्येक वार्ड में सीसी रोड नाली, विद्युतीकरण, खेल मैदानों एवं स्कूलों का उन्नयन, समाज के हर वर्ग के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण एवं चौड़ीकरण जैसे विकास कार्य हुए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बिना किसी भेदभाव नगर में व्याप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया गया है।

सीएसईबी पर मनमाना बिल भेजने का अरोप लगाया कांग्रेस ने

चांपा। नगरीय निकाय को लेकर कांग्रेसियों की बैठक हुई। इसमें नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान नगरीय निकाय के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने वार्ड वार बैठक शुरू की है। बुधवार को संजय नगर वार्ड नंबर 10 और 11 में विधायक ब्यास कश्यप के आतिथ्य में बैठक हुई।

इसमें उन्होंने कहा कि नगर में पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस की सरकार है, जहां नगर के हर गली मोहल्ले में सड़क नाली बनाई है। वहीं सभी तरफ बिजली भी पहुंचाई गई है। राशन कार्ड भी सभी का बनाया गया। इसके कारण यहां 27 वार्डों में नपा अध्यक्ष सहित 18 वार्डों में कांग्रेस के पार्षद हैं। पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने वादों को पूरा नहीं किया। बिजली बिल बढ़कर आ रहा है। बैठक को नपा अध्यक्ष जय थवाईत ने भी संबोधित किया। संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी ने किया। इस अवसर पर सेवक बूटू देवांगन, हरदेव देवांगन, अंजली देवांगन, गीता सोनी, अंजली देवांगन, रोहित देवांगन, विपिन देवांगन, तमिंद्र देवांगन, कविता देवांगन, कृष्णा देवांगन, शर्मिष्ठा कंसारी, कैरौलिन रफीक खान, अरमान खान, पवन कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

भवानी जन सेवा समिति का नेत्र जांच शिविर 16 को

अकलतरा। भवानी जन सेवा समिति की ओर से नगर के जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में 16 दिसंबर की सुबह 10 बजे

से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में रायपुर के एमजीएम नेत्र संस्थान के चिकित्सक आंखों की जांच करेंगे। समिति के प्रकाश केडिया ने बताया कि समिति के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया है। शिविर में मरीज को मोतियाबिंद पाए जाने पर समिति द्वारा मरीज को रायपुर आने जाने की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों के लिए मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। शिविर में बीपी व रक्त की जांच करने के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु उम्र के वरिष्ठ जनों का आयुष्मान वय वंदन योजना अंतर्गत कार्ड बनाया जाएगा। समिति ने क्षेत्र के लोगों से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

गाय के प्रति प्रेम भाव जागृत करने गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन

जांजगीर-चांपा। पूरे छत्तीसगढ़ में गौ विज्ञान परीक्षा 4 जनवरी को तीन वर्ग में आयोजित होगा। मिडिल स्तर पर कक्षा छठवीं से आठवीं एवं हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्तर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अलग वर्गहै। गौ विधान परीक्षा के पाठ्यक्रम के लिए गौ माता पर आधारित विभिन्न श्रेष्ठ शोध को शामिल कर गाय धर्म और विज्ञान ग्रंथ का प्रकाशन कराया गया है।

मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक गरियामयी कार्यक्रम में गौ विज्ञान परीक्षा हेतु संदर्भ ग्रंथ गाय धर्म और विज्ञान का संदर्भ ग्रंथ का विमोचन करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय साथ में संपादक मंडल के प्रभारी एवं गौ सेवक।

वैदिक पद्धति से पूजन कर ग्रन्थ का विमोचन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में गाय के न केवल धार्मिक पक्ष अपितु वैज्ञानिक पक्ष के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में गौ माता के प्रति सद्भाव पैदा होगा। गाय धर्म और विज्ञान ग्रंथ को पढ़ने के बाद वे समाज में लोगों को गाय माता के पालने एवं उनके उचित रखरखाव के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा की गौ माता जब तक दूध देती है तब तक लोग उसकी देखरेख करते हैं लेकिन उसके बाद उसकी देखभाल नहीं की जाती। छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के द्वारा संपूर्ण राज्य में एक साथ सभी स्कूलों कॉलेजों में 4 जनवरी को परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा आयोजन की जानकारी देते हुए प्रांत परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच गाय के प्रति प्रेम भाव जागृत करना है। साथ ही वर्तमान पीढ़ी को गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व समझाना है। इस अभियान में परीक्षा के साथ साथ, स्कूलों में गाय के महत्व की प्रदर्शनी, सेमिनार, व्याख्यान, गौ सेवा संगम सहित विविध आयोजन किए जाएंगे। विमोचन अवसर पर ग्रंथ की संपादिका श्रीमती शताब्दी पाण्डेय, संकलन संपादक मंडल के डॉक्टर पी एल चौधरी डॉक्टर गजेंद्र चंद्राकर, डॉ मनोज पाण्डेय एवं डॉ अमित पाण्डेय तथा गो विज्ञान परीक्षा के प्रांत संयोजक इरशा सपारे, परीक्षा आयोजन समिति के सुबोध राठी, मनोज पाण्डेय जांजगीर, मनोज गुप्ता बलौदा बाजार एवं विनोद पाण्डेय धमतरी तथा गौसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एनएसएस का शिविर शुरू

खरौद। वंदे मातरम् हायर सेकेंडरी स्कूल खरौद की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ लोहर्सी के शबरी पब्लिक स्कूल में किया गया है। कार्यक्रम नगर पंचायत खरौद के पूर्व अध्यक्ष सुबोध शुक्ला के मुख्य आतिथ्य, शंकर लाल आदित्य संरक्षक, चन्द्रहास खूंटे व्याख्याता शाऊमा शाला लोहर्सी के विशिष्ट आतिथ्य, स्वाति सौरभ आदित्य प्रबन्धक, बीपी कश्यप प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा ने किया। मेरा युवा भारत के लिए युवा व डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। आदित्य ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज परिवर्तित परिवेश में राष्ट्रीय संस्कार ही युवा वर्ग देश की प्रगति प्रदान करेंगे।

अनमोल वचन.....

ज़िंदगी एक लंबी दौड़ है बस जिये चलो
कही रुकने की ज़रूरत नहीं हैं ।

चुनाव प्रक्रिया पर गहराया संदेह

चुनाव प्रक्रिया पर गहराया संदेह अभी देश के सामने एक बड़ा मुद्दा है। इस पर जन जागृति लाने की आवश्यकता है। मगर आशंका यह है कि जन आंदोलन चलाने का जताया जा रहा सारा इरादा महज रस्म-अदायगी तक सीमित ना रह जाए!

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने चुनावी धांधली के मुद्दे अभियान शुरू कर दिया है। अघाड़ी के नेताओं ने चुनावी स्वच्छता के लिए मुहिम चला रहे और अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आढ़व से मुलाकात कर इस सवाल पर खुद के गंभीर होने का संदेश दिया।

एमवीए ने ईवीएम में हेरफर एवं अन्य मसलों को लेकर विरोध प्रदर्शन, हस्ताक्षर अभियान एवं अन्य तरीकों से आंदोलन चलाने का इरादा जताया है। वैसे संकेत है कि एमवीए का ध्यान मुख्य रूप से ईवीएम में हेरफेर की शिकायत पर केंद्रित है। वह इसी पहलू को हाल के विधानसभा चुनाव में अपनी हार का कारण मानता है। जबकि एमवीए में शामिल कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने पिछले हफ्ते चुनावी मुकाबले की परिस्थितियो को असमान बना दिए जाने से संबंधित व्यापक समस्या पर जोर दिया। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर इसको लेकर जन आंदोलन छेड़ने की घोषणा की। बेशक चुनाव प्रक्रिया को लेकर गहराया संदेह इस समय देश के सामने एक बड़ा मुद्दा है। इस पर जन जागृति लाने की आवश्यकता है। मगर इसके लिए जिस परिश्रम, निरंतरता और आम जन के बीच जाकर संवाद की जरूरत है, उसकी इच्छशक्ति एमवीए, विशेष रूप से कांग्रेस में है, इसको लेकर संशय की गुंजाइशें बनी हुई हैं।आशंका है कि कहीं ये सारा इरादा विरोध जताने की रस्म-अदायगी तक सीमित ना रह जाए! वैसे एमवीए में शामिल दलों को चाहिए कि वे इस सवाल को अपनी राजनीतिक शैली की कमियों को ढकने की ढाल ना बनाएं। हकीकत यह है कि जनता से जुड़ाव और जन-मानस को आकर्षित करने के लिए जैसी राजनीतिक कटिबद्धता आवश्यक है, अभिजन वर्ग से आए इन दलों के ज्यादातर सर्वोच्च नेताओं में उसका पर्याप्त अभाव है।वे नीतिगत रूप से बिना किसी विशिष्ट पहचान और जन कल्याण का विश्वसनीय कार्यक्रम पेश किए राजनीति करने में यकीन करते दिखते हैं। इसमें भी वे सिर्फ चुनावों के वक्त सक्रिय होते हैं। जबकि उनका मुकाबला जिस भाजपा-आरएसएस इकॉसिस्टम से है, वह दिन-रात चुनावी समीकरण साधने में जुटा रहता है। आश्यकता इस चुनौती के लिए तैयार होने की है। यह सबक भी समान रूप से जरूरी है।

राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलेक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ प्रिय पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपट लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज सेहतगा में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग हैं।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलेक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा। आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जाएंगे। लड़ पड़ आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन सहज भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा करके अच्छा लगेगा।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कॉस्मेटिक का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। ऑफिस के उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई जरूरी काम बन जाएगा। आज आपका दिन मशिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

धनु राशि-आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके आगे व्यवहार से समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। वर्कशेयर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिज़नेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपको प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिज़नेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं।

मीन राशि- आज आपका दिन अमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा।

कांग्रेस को पुनर्जीवित नहीं कर पा रहे हैं राहुल

//अजीत द्विवेदी//

इस साल की शुरुआत में विपक्षी गठबंधन इंडिया' की एक बैठक में जब अध्यक्ष पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम आगे आया तो उनको राहुल गांधी ने यह कह कर रोका था कि इसके लिए तो ममता बनर्जी से बात करनी होगी। विडम्बना देखिए कि थोड़े समय के बाद नीतीश कुमार और ममता बनर्जी दोनों इंडिया' ब्लॉक से बाहर हो गए और अब ममता बनर्जी ही अध्यक्ष पद की दावेदार हो गई हैं!

समय का चक्र इतनी तेजी से घूमा है कि कांग्रेस के नेता समझ नहीं पा रहे हैं कि वे इस स्थिति का सामना कैसे करें। महज छह महीने पहले चार जून को जब लोकसभा के नतीजे आए तो कांग्रेस और राहुल गांधी की जय जयकार हो रही थी। परंतु उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव ने सारी तस्वीर बदल दी। जम्मू कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र की हार ने कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी के विपक्ष का सर्वमान्य नेता होने की जो धारणा बनी थी वह सवालों के घेरे में आ गई है। एक के बाद एक विपक्षी पार्टियां राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठा रही हैं।

इसमें सबसे दिलचस्प टिप्पणी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन %इंडिया' के नेता नहीं हैं। %इंडिया' के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। पर सवाल है कि खड़गे कब नेता चुने गए? इस साल लोकसभा चुनाव से पहले 13 जनवरी को विपक्षी गठबंधन %इंडिया' की जो आखिरी बैठक हुई थी वह वर्चुअल थी और उसमें खड़गे को अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी थी। लेकिन उसके बाद कभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई कि खड़गे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष हैं। 13 जनवरी की बैठक में सिर्फ नौ पार्टियों के नेता शामिल हुए थे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को खुद खड़गे ने न्योता दिया था लेकिन वे उस बैठक में शामिल नहीं हुए थे। सो, जाहिर है कि खड़गे अनौपचारिक रूप से भले %इंडिया' ब्लॉक का नेतृत्व करते हों लेकिन उनको नेता कभी नहीं घोषित किया गया।

फिर सवाल है कि रामगोपाल यादव ने क्यों कहा कि राहुल नेता नहीं हैं और खड़गे नेता हैं? इसलिए कहा क्योंकि चाहे समाजवादी पार्टी हो या तृणमूल कांग्रेस हो, उनको राहुल गांधी से समस्या है। यह समस्या रामगोपाल यादव की आगे कही बातों से जाहिर हो गई। उन्होंने कहा कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का, कांग्रेस कहीं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। उन्होंने भाजपा के साथ आमने सामने के मुकाबले में कांग्रेस की कमजोरी का खासतौर से जिक्र किया। यह भी याद रखने की बात है कि पिछले साल दिसंबर में ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया था। तभी यह अनायास नहीं है कि आज खड़गे को रामगोपाल यादव %इंडिया' ब्लॉक का नेता बता रहे हैं।

बहरहाल, राहुल गांधी के नेतृत्व पर जो सवाल उठ रहे हैं उसके दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि वे कांग्रेस में जोश नहीं भर पा रहे हैं। कांग्रेस को पुनर्जीवित नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस को स्ट्रिन्वेंट करके भाजपा से लड़ने लायक नहीं बना पा रहे हैं। वे वैचारिक और सैद्धांतिक धरातल पर तो भाजपा को टक्कर दे रहे हैं लेकिन जमीनी राजनीति और चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। सो, विपक्षी पार्टियां और कांग्रेस नेताओं का भी एक बड़ा हिस्सा मान रहा है कि राहुल गांधी से नहीं हो पाएगा। अपनी तमाम अच्छइयों के बावजूद वे न तो कांग्रेस को भाजपा से लड़ने लायक बना सकते हैं और न उनकी कमान में विपक्षी गठबंधन भाजपा को प्रभावी रूप से टक्कर दे पाएगा। तभी विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि %इंडिया' ब्लॉक बना रहे लेकिन उसकी कमान किसी और नेता के हाथ में रहे। यह बात %इंडिया' ब्लॉक में शामिल रामगोपाल यादव भी चाहते हैं और उससे बाहर रह कर राजनीति कर रही ममता बनर्जी भी चाहती हैं। इन सभी नेताओं को पता है कि भाजपा से लड़ने के लिए एक बड़े गठबंधन की जरुरत है, जिसमें कांग्रेस का होना भी जरूरी है। परंतु साथ ही ये नेता यह भी चाहते हैं कि कोई ज्यादा परिपक्व और चुनावी राजनीति में भाजपा को परास्त करने वाला नेता इस गठबंधन का नेतृत्व करे।

इस सचाई को समझना होगा कि सारी विपक्षी पार्टियां सत्ता चाहती हैं और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से मुक्ति चाहती हैं। वह तभी होगा, जब केंद्र में उनकी सरकार बनेगी। उनको लग रहा है कि राहुल गांधी के हाथ में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन की कमान रही तो ऐसा नहीं हो पाएगा। राहुल के नेतृत्व पर उठ रहे सवालों का दूसरा पहलू यह है कि कई विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी के साथ काम करने में असहज हैं। उनको लग रहा है कि राहुल व्यावहारिक राजनीति करने में सक्षम नहीं हैं। वे आदर्शवादी बातें ज्यादा करते हैं और व्यावहारिक राजनीति के दांवपेंच उन्होंने अभी तक नहीं सीखे हैं। विपक्षी पार्टियों और कांग्रेस के भी अनेक नेताओं व प्रादेशिक क्षत्रपों को राहुल गांधी की टीम के साथ काम करने में मुश्किल आती है। उनकी टीम के ज्यादातर सदस्य अराजनीतिक पृष्ठभूमि वाले हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन का महासचिव केसी वेणुगोपाल को बनाया है, जिनको देश के ज्यादातर राज्यों की जमीनी राजनीति की समझ नहीं है। हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार के मुख्य कारणों में एक कारण केसी वेणुगोपाल भी हैं। हालांकि इस कारण की समीक्षा कभी नहीं होगी। वे खुद को इतना असुरक्षित महसूस करते हैं कि राहुल के आसपास किसी को फटकने नहीं देते। हर समय राहुल को घेरे रहते हैं। उनकी सहमति के बगैर राहुल से मिलना या बात करना नामुमकिन सा हो गया है।

तभी जैसे ही ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने %इंडिया' का गठन किया है और मौका मिले तो इसका नेतृत्व करना चाहेंगी, वैसे ही महाराष्ट्र से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश तक कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों ने उनका स्वागत करना शुरू कर दिया। खुद शरद पवार ने ममता बनर्जी का समर्थन किया और उनका स्वागत करने की बात कही। उद्धव ठाकरे की पार्टी के संजय राउत और अखिलेश यादव की पार्टी के रामगोपाल यादव ने ममता बनर्जी का समर्थन किया। कांग्रेस के ऑल वेदर फ्रेंड राजद के नेता तेजस्वी यादव ने भी ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम बताया। इसके पीछे कारण यह है कि सभी विपक्षी पार्टियां संघर्ष करते करते थक गई हैं। उनको सत्ता चाहिए, जो कि राहुल की कमान में संभव नहीं दिख रहा है। नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी के मुकाबले में पलड़ा हमेशा नरेंद्र मोदी का भारी रहता है। तभी भाजपा की ओर से हमेशा मोदी बनाम राहुल का मुकाबला बनाया जाता है तो राहुल गांधी का इकोसिस्टम भी इसे प्रोत्साहित करता है। हालांकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि राहुल की जगह %इंडिया' ब्लॉक की ओर से ममता बनर्जी या किसी और चेहरा आ जाएगा तो जीत की गारंटी हो जाएगी। परंतु %इंडिया' ब्लॉक के नेता कुछ नया आजमाने को जरुरत समझ रहे हैं। वैसे ममता बनर्जी ने कांग्रेस की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए यह भी कहा कि उनका इरादा पश्चिम बंगाल से बाहर जाने का नहीं है। इस तरह उन्होंने कांग्रेस और राहुल को आश्वस्त किया कि वे दिल्ली नहीं आ रही हैं। परंतु कांग्रेस नेता इसका मतलब और इसके खतरे जानते हैं।

बहरहाल, अगर कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र और हरियाणा में खराब प्रदर्शन नहीं किया होता तो शायद यह बात नहीं उठती। परंतु अब यह बात उठी है तो विपक्षी पार्टियां इसे किसी तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना चाहेंगी और दूसरी ओर कांग्रेस चुनावों के अगले चक्र यानी 2026 और 2027 तक इसे खींचना चाहेगी। ध्यान रहे 2026 में पश्चिम बंगाल के साथ केरल, तमिलनाडु, असम और मणिपुर के चुनाव हैं। उसमें कुछ राज्यों में कांग्रेस जीत सकती है। तभी वह उन चुनावों तक राष्ट्रीय स्तर पर %इंडिया' ब्लॉक के पुनर्गठन का मामला टाले रखने की कोशिश करेगी।

भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

//अजय कुमार//

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गई जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है।लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं।

इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए।

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गई जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है।

बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था।

इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पुराने बसपाइयों को भी वापस आने का बुलावा दिया है।

तस्वीरों की दुनिया

राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा वाला आप प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में भारत के चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करता हुए ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर प्रतिष्ठित तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की रचनाओं के व्यापक संग्रह के अनावरण के अवसर पर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्यम भारती के साथ उनके निवास, 7 लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली में उनके कार्यों के व्यापक संग्रह के अनावरण के दौरान।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा अपनी पत्नी के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते हुए।

फिलिस्तीन दूतावास के प्रभारी अबेद एलराज़ेग अबू जाज़र ने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

40 लाख की नौकरी करने वाला दहेज में 10 लाख क्यों मांगेगा

अतुल ने कोर्ट में उठाया था सवाल, 2022 में शुरू हुआ था सिलसिला!



जौनपुर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

बेंगलुरु में निजी कंपनी के 34 वर्षीय उप महाप्रबंधक अतुल सुभाष के 24 पन्ने का सुसाइड नोट लिखकर जान देने के मामले की शुरुआत 2022 में हुई थी। जौनपुर नगर के रुहट्टा वर्तमान में मधारेटोला निवासी निकिता सिंघानिया ने वर्ष 2022 में पति अतुल के खिलाफ सदर कोतवाली में उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद मामला न्यायालय में चला गया। न्याय मिलने में देरी व झूठे मुकदमों में फंसाए जाने से आहत अतुल ने मंगलवार को बेंगलुरु में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।कोतवाली प्रभारी मिथिलेश मिश्र ने बताया कि 2022 में निकिता की ओर से अतुल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद मामला न्यायालय में चला गया। अतुल के खुदकुशी करने की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। अभी तक लड़की के घरवालों के खिलाफ मेरे यहां कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। उधर, बेंगलुरु में अतुल के छोटे भाई की ओर से निकिता सिंघानिया, उसकी मां निशा सिंघानिया, भाई अनुराग सिंघानिया, रिश्तेदार सुशील सिंघानिया के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराए जाने का केस दर्ज कराया है। इसके साथ ही तीन करोड़ रुपये मांगने का आरोप लगाया है। दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि घरवालों की ओर से रुपये की मांग व आत्महत्या के बार-बार उकसाए जाने की वजह से उसके भाई ने खुदकुशी की।निकिता सिंघानिया ने पति अतुल, सास अंजू ससुर, पवन व देवर विकास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में निकिता ने आरोप लगाया था कि 26 अप्रैल 2019 को उसकी शादी अतुल से हुई थी। शादी के बाद अतुल, उसके पिता पवन,माता अंजू व भाई विकास दहेज में 10 लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। पति शराब पीकर मारपीट व हैवानियत करता था। 16 अगस्त 2019 को मायके जाकर 10 लाख रुपये मांगे। अगले दिन उसके पिता की आघात से मौत हो गई। 17 मई 2021 को अतुल ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया तब से वह मायके में है। अतुल ने कोर्ट में कहा था कि 40 लाख रुपये की नौकरी करने वाला दहेज में 10 लाख रुपये क्यों मागेगा।

अतुल ने सुसाइड नोट में यह उल्लेख किया है कि उसका छोटा भाई दिल्ली से व बूढ़े मां-बाप बिहार से लगभग 120 बार जौनपुर कोर्ट में पेशी पर गए हैं। स्वयं उसे साल भर में कम छुट्टियां मिलती थीं वह निजी तौर पर 40 बार कोर्ट की पेशी पर पहुंचा। बार-बार कोर्ट दौड़ने से वह तरफ हो चुका था। पिछले कई महीनों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई चल रही है। मृतक अतुल जो एक बड़ी कंपनी में कार्यरत था, उसे 40 बार यहां कोर्ट में बेंगलुरु से आना पड़ा। उसके अधिवक्ता का कहना है वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई हो सकती थी। वह बार-बार दौड़ने से त्रस्त हो चुका था। उसने अपने बेटे को अपनी कस्टडी में लेने और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देखने के संबंध में कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।

उड़ान भरने वाला था विमान, पायलट ने चेकिंग के दौरान देख लिया फ्यूल लीकेज, टला बड़ा हादसा

चेन्नई, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

चेन्नई एयरपोर्ट से बुधवार को उड़ान भरने वाला एक विमान बड़े हादसे से बच गया। चेन्नई से सिंगापुर जा रहे एयर इंडिया के एक विमान के पायलट को अंतिम क्षणों में निरीक्षण के दौरान संभावित ईंधन रिसाव का पता चला। चालक दल के सदस्यों सहित 145 यात्रियों को लेकर यह उड़ान बुधवार दोपहर को उड़ान भरने वाली थी। हालांकि, अंतिम जांच के दौरान, पायलट ने तकनीकी समस्या देखी और तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सतर्क कर दिया। इंजीनियरों और हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत समस्या पर ध्यान दिया और खराबी को ठीक कर लिया गया। मंजूरी मिलने के बाद उड़ान सुरक्षित रूप से रवाना हो गई।वहीं, एक अलग घटनाक्रम में विभिन्न कारणों से एक ही दिन में चेन्नई हवाई अड्डे पर सात प्रस्थान उड़ानें और पांच आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं। कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, मदुरै, शिमोगा, बागडोगरा, जाफना और कोलकाता जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं। तिरुवनंतपुरम, मदुरै, कोच्चि, कोलकाता और जाफना से आगमन भी रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि परिचालन कारणों से आठ उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि दो में तकनीकी समस्या आ गई। जाफना में खराब मौसम की स्थिति के कारण उस मार्ग पर प्रस्थान और आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं। इसके अलावा, बुधवार सुबह बारिश के कारण थोड़ी देर के लिए परिचालन बाधित होने के बाद नई दिल्ली से चेन्नई जाने वाली एक उड़ान को बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया। सुबह 10 बजे आने वाली नई दिल्ली की उड़ान प्रतिकूल मौसम के कारण नहीं आ सकी। चेन्नई से कोच्चि जाने वाली स्पाइसजेट की एक उड़ान को हवा में तकनीकी खराबी का सामना करने के बाद सोमवार (9 दिसंबर) सुबह चेन्नई हवाई अड्डे पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी।इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आइएटीए) ने अनुमान जताया है कि कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान वैश्विक विमानन उद्योग का शुद्ध लाभ 36.6 अरब डॉलर रह सकता है।

कोलकाता आरजी कर दुष्कर्म मामले में नया मोड़, पीड़िता परिवार की तरफ से लड़ रही वकील ने छोड़ा केस

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गत नौ अगस्त को महिला चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी के मामले में पीड़ित परिवार की तरफ से केस लड़ रहीं वरिष्ठ वकील वृंदा ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट, कलकत्ता हाई कोर्ट और सियालदाह ट्रायल कोर्ट से अपना नाम वापस ले लिया है। कहा गया है कि कुछ कारणों और परिस्थितियों के चलते उन्होंने ये फैसला लिया।सूत्रों ने बताया कि वकील वृंदा ग्रोवर ने ये फैसला इसलिए लिया क्योंकि उनकी लीगल टीम और पीड़िता के परिवार के बीच कई मुद्दों को लेकर तालमेल नहीं बन रहा था। वृंदा ग्रोवर के चैंबर की ओर से जारी गए एक बयान में कहा गया कि उनकी लीगल टीम सितंबर 2024 से पीड़िता के परिवार का केस निशुल्क लड़ रही है।ग्रोवर की लीगल टीम में वकील सौतिक बनर्जी और अर्जुन गुप्ता भी शामिल थे, जिन्होंने परिवार का कई अदालतों में प्रतिनिधित्व किया। इस बारे में पीड़िता के पिता का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

55 घंटे बाद बोरवेल से निकाला गया पांच वर्षीय बच्चा, अचेतन अवस्था में पहुंचाया गया अस्पताल

जयपुर। राजस्थान में दौसा जिले के कालीखड़ गांव में 160 फीट गहरे खुले बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे आर्यन को बुधवार देर रात करीब 55 घंटे बाद निकाल लिया गया। अचेतन अवस्था में उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। सोमवार शाम करीब तीन बजे आर्यन खुले बोरवेल में गिर गया था। इसके करीब एक घंटे बाद बचाव अभियान शुरू किया गया।एनडीआरएफ के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि बच्चे को निकालने के लिए बोरवेल से करीब छह फीट दूरी पर समानांतर उतना ही गहरा गड्ढा खोदा गया। गड्ढे से बोरवेल तक टनल बनाकर बच्चे को बाहर निकालने में सफलता मिली। बच्चा करीब 150 फीट की गहराई पर मोटर पर अटका हुआ था।बचाव कार्य में 25 ट्रैक्टर व एक दर्जन जेसीबी मशीन सहित अन्य उपकरणों का उपयोग किया गया। बचाव कार्य पर निगरानी के लिए जिला कलेक्टर देवेंद्र यादव दो दिन से मौके पर ही मौजूद रहे। बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी मौके पर पहुंचे थे।दरअसल, बच्चा मां के साथ खेत में खेल रहा था। मां पानी की टंकी के निकट काम कर रही थी। इसी दौरान वह खेलता हुआ खुले बोरवेल में गिर गया।

मुश्ताक खान अपहरण प्रकरण: हिरासत में लिए गए दो आरोपी, कार भी बरामद, इसी से किडनैप गए थे सुनील पाल

बिजनौर, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण और फिरौती वसूलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने अपहरण के दौरान प्रयोग की गई स्विफ्ट कार को भी बरामद कर लिया है। अभिनेता को घटना के दिन मुख्य आरोपी ने अपने मकान में बंधक बनाकर रखा था, वहां से ही निकलकर वह चाहशीरी की मस्जिद के पास गए थे। अब पुलिस मुख्य आरोपी लवी पाल, अर्जुन और पूर्व सभासद रिक्की की तलाश में पुलिस मेरठ, उत्तराखंड और दिल्ली में दबिश दे रही है।मुश्ताक मोहम्मद खान के इवेंट मैनेजर शिवम यादव ने शहर कोतवाली में राहुल सैनी और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 20 नवंबर को इवेंट के बहाने मेरठ लाकर जैन शिकंजी से अपहरण बिजनौर में बंधक बनाकर रखा गया था। दो लाख की कुल वसूली की गई थी। इसमें एक्टर के मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन पांच हजार रुपए खतौली के एक दुकान को ट्रांसफर कर मिक्सी समेत अन्य बर्तन खरीदे थे। इसके अलावा मेरठ से भी ऑनलाइन खरीदारी की थी। पुलिस गिरोह को चिह्नित कर चुकी है। पांच टीमें गिरोह की तलाश में लगी है। मुख्य आरोपी लवी पाल, अर्जुन कर्णवाल और पूर्व सभासद सार्थक उर्फ रिक्की फरार है। पुलिस ने गिरोह में शामिल नौ बदमाशों में से दो को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपी शहर के मोहल्ला कस्साबान निवासी अजीम और अचारजान का सैनुदद्दीन उर्फ सैफी है। उनके पास से एक सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी बरामद की है। कार नजीबाबाद क्षेत्र का रहने वाला राहुल चला रहा था। राहुल भी इस गैंग में शामिल है। गाड़ी का इस्तेमाल एक्टर मुश्ताक और कॉमेडियन सुनील पाल के अपहरण कांड में हुआ था।

पूछताछ में बताया कि पुलिस को बताया है कि वह लवी पाल के साथ दूसरी गाड़ी से थे। वह अलग हो गए थे। दोनों घटनाएं इसी गिरोह ने की है। पुलिस का दावा है कि 20 नवंबर की रात को एक्टर मुश्ताक खान का अपहरण कर चाहशीरी से सटे रविदास नगर में स्थित लवी पाल के मकान में रखा था, वहां से ही निकलकर चाहशीरी के पास मस्जिद में पहुंचा था। मस्जिद के पास ही एक व्यक्ति मिला था। उससे मोबाइल नंबर लेकर परिजनों से संपर्क साधा।

PACS पर मिलेगा पेट्रोल-डीजल, पंप लगाने के लिए सरकार को मिले 286 आवेदन, अमित शाह बोले- युवाओं को मिलेगा रोजगार

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया कि अब तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 286 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएमएससी) ने खुदरा पेट्रोल और डीजल बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में शाह ने राज्यसभा को बताया कि चार राज्यों की 109 पैक्स ने अपने पूरे उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने पर सहमति जताई है, जिनमें से 45 को पहले ही तेल कंपनियों से आशय पत्र मिल चुके हैं। यह पहल अतिरिक्त राजस्व ईंधन को अधिक सुलभ बनाकर, यह कृषि और परिवहन आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाएगा, स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान देगा और ऐसी सेवाओं के लिए शहरी केंद्रों पर निर्भरता को कम करेगा। सरकार ने पीएसी को पेट्रोल और डीजल पंपों की खुदरा डीलरशिप विकल्प बनाने और उनकी वित्तीय स्थिरता को बढ़ाकर पैक्स को मजबूत करने में मदद करेगी।

यह खुदरा दुकानों के संचालन और प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के लिए महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकती है।मंत्री ने कहा, इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में लेने की अनुमति दे दी है और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने इस संबंध में दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। पीएसी को अपने थोक उपभोक्ता पंपों को खुदरा दुकानों में बदलने का एकमुश्त विकल्प दिया गया है।

सरकार ने मंगलवार को संसद में कहा कि बैंकों ने 31 अक्टूबर तक पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत दो लाख से अधिक खाते खोले और इनमें 1,751 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कर्जदारों के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने और आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए कई उपाय किए हैं।

पीएम मोदी और सीएम योगी को धमकी देने वाला अमजद खान गिरफ्तार, ग्वालियर का रहने वाला है आरोपी

भोपाल, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या की धमकी देने वाले अमजद खान को भोपाल से गिरफ्तार किया गया है। मूल रूप से ग्वालियर के रहने वाला आरोपित भोपाल में मजदूरी करता था। उत्तर प्रदेश पुलिस उसे लेकर गाजियाबाद रवाना हो गई है। तलैया थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि पकड़ा गया अमजद खान ग्वालियर के मुड़िया पहाड़ का रहने वाला है।इस मामले की जांच कर रही गाजियाबाद के कविनगर थाने की पुलिस अमजद की तलाश में ग्वालियर गई थी। वहां से

उसके भोपाल में होने का पता चला। उसके बाद अमजद की लोकेशन पता करते हुए मंगलवार रात गाजियाबाद पुलिस भोपाल पहुंची। पुलिस ने रात करीब 11.30 बजे उसे बुधवारा में तलाश किया। बुधवारा से मोती मस्जिद की तरफ पैदल जाते समय उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उसे साथ लेकर गाजियाबाद रवाना हो गई है।

घटना की शिकायत कविनगर थाना पुलिस में की गई थी।बताया जा रहा है कि आरोपित मजदूरी करता था। स्थानीय पुलिस उसके बारे में अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। आठ दिसंबर को फोन पर धमकी दी थी गाजियाबाद के नव युवा संगठन के कार्यालय में आठ दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे एक अज्ञात नंबर से फोन आया था।फोन पर बात कर रहा व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृष्णा त्यागी और हिन्दू सेना के अध्यक्ष का सिर कलम करने की धमकी देने लगा।

दिल्ली पहुंचे सीएम, महाराष्ट्र में पोर्टफोलियो को लेकर सर्पेंस, फडणवीस की कैबिनेट का कब होगा विस्तार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में भाजपा के लिए सिर दर्द खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले सीएम पद के लिए महायुति में हुए खींचतान ने सुर्खियां बटोरी, अब मंत्रिमंडल के विस्तार पर सस्पेंस बन गया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस बुधवार को दिल्ली आए।यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।उधर महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ने सीएम पद से समझौता तो कर लिया, लेकिन अब उनकी नजर गृह मंत्रालय पर है। गृह मंत्रालय किसी भी राज्य के लिए दूसरा सबसे बड़ा विभाग होता है। महाराष्ट्र पुलिस गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करती है। पिछली सरकार के दौरान जब शिंदे मुख्यमंत्री थे, तो गृह मंत्रालय देवेंद्र फडणवीस के पास था। फडणवीस तब डिप्टी सीएम थे। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे भी अब ऐसा ही चाहते हैं। हालांकि भाजपा गृह मंत्रालय देने के पक्ष में नहीं है।शिवसेना को शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग ऑफर किया जा सकता है। वहीं अजित पवार की एनसीपी भी फूल डिमांड मोड में है। एनसीपी चाहती है कि मंत्रिमंडल विस्तार में उसे भी शिवसेना के बराबरी के मंत्रालय दिए जाएं। सूत्र कहते हैं कि अजित पवार के पास पहले वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी थी और वह इस बार फिर से इस मंत्रालय के लिए अड़े हैं। भाजपा के लिए समस्या यह है कि वित्त मंत्रालय के लिए शिवसेना ने भी दावेदारी ठोक दी है।मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 22, शिवसेना को 12 और एनसीपी को 9 मंत्रालय दिए जा सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार 14 दिसंबर को हो सकता है।मंत्रालयों पर अंग्रण के लिए देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार बुधवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। हालांकि कहा जा रहा है कि इस मीटिंग में एकनाथ शिंदे मौजूद नहीं रहेंगे।288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के 132 विधायक जीते हैं। वहीं शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने 149 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जबकि शिवसेना ने 81 और एनसीपी ने 59 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 45 पंचायतों को किया सम्मानित बोलीं- विकसित भारत के लिए गांवों का विकास महत्वपूर्ण

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रीय पंचायती राज पुरस्कार से 45 पंचायतों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की 64 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं। इसलिए, एक विकसित देश बनाने के लिए गांवों का विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में सरकार ने पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका मकसद ठोस नतीजे हासिल करना था। इन पुरस्कारों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल संरक्षण, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे, सामाजिक न्याय, शासन और महिला सशक्तिकरण में उनके प्रयासों के लिए पंचायतों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा, विकसित भारत की नींव केवल आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों पर रखी जा सकती है। पंचायतों को अपनी आय के स्त्रोत को विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। इससे ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास मिलेगा और देश को भी ताकत मिलेगी।पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतो को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, यह पुरस्कार आपके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने भरोसा जताया कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांवों के विकास में प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को सियासी रूप से मजबूत बना रही हैं।उन्होंने कहा, यह खुशी की बात है कि महिलाएं स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मैनुअल तरीके से सीवर की सफाई पूरी तरह हो बंद, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिया रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

नईदिल्ली, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से खत्म करने के लिए अपने निर्देश के अनुपालन पर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे दो सप्ताह के भीतर सभी हितधारकों के साथ केंद्रीय निगरानी समिति की बैठक बुलाएं। ये समिति हाथ से मैला ढोने वाले प्रथा को बंद करने और उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 (एमएस अधिनियम, 2013) के कार्यान्वयन की समीक्षा करती है।पीठ ने कहा कि कोर्ट की तरफ से पारित आदेश 2023 में में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी के विकास को देखते हुए, हाथ से मैला ढोने वाले प्रथा और सीवर सफाई के लिए श्रमिकों के रोजगार को पूरी तरह से खत्म करना संभव है। ऐसा नहीं किया गया है। रिपोर्ट से ऐसा लगता है कि बहुत कुछ करने की जरूरत है।न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने दलील दी कि 2024 में सीवर सफाई और सेप्टिक टैंक की सफाई के कारण 40 लोगों की मौत हुई, लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।उन्होंने कानूनों का अनुपालन नहीं होने की ओर ध्यान दिलाया। इस मामले पर जनवरी, 2025 में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने और नीतियां बनाने का निर्देश दिया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल तरीके से सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए।

अभी जेल में ही रहेंगे संत चिन्मय कृष्ण, बांग्लादेश की कोर्ट ने खारिज की अग्रिम सुनवाई वाली याचिका

ढाका, 12 दिसम्बर [एजेंसी]।

बांग्लादेश की एक अदालत ने देशद्रोह मामले में गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर अग्रिम सुनवाई से इनकार कर दिया और कहा कि पहले से तय तारीख दो जनवरी को ही सुनवाई होगी।कोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि चटगांव मेट्रोपॉलिटन सेशन जज सैफूल इस्लाम ने याचिका को इसीलिए खारिज कर दिया, क्योंकि अग्रिम सुनवाई की अनुरोध वाली याचिका दायर करने वाले वकील के पास चिन्मय की ओर से वकालतनामा नहीं था। उन्होंने कहा, वकील रवींद्र घोष ने अग्रिम सुनवाई का अनुरोध तब किया, जब एक अन्य वकील ने जज को बताया कि उनके (घोष के) पास संत की पैरवी करने के लिए कोई

वकालतनामा नहीं है। इसके बाद जज ने याचिका खारिज कर दी। हिंदू समूह सम्मिलिता सनातनी जोत के नेता एवं इस्कॉन से जुड़े रहे चिन्मय को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके अगले दिन चटगांव की एक अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उनको जेल भेज दिया था। उनकी गिरफ्तारी को लेकर समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इधर, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने ढाका में भारत विरोधी प्रदर्शन किया। खालिदा का रुख भारत विरोधी है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें जोय बांग्ला (बांग्ला की जीत) को राष्ट्रीय नारा घोषित किया गया था। पूर्ववर्ती अवामी लीग सरकार ने राष्ट्रीय उत्सव के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों में यह नारा लगाना अनिवार्य कर दिया गया था। मौजूदा अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अमेरिका ने कहा कि वह चाहता है कि भारत और बांग्लादेश अपने मतभेदों का शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को भारतीय विदेश सचिव की हालिया बांग्लादेश यात्रा के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर यह बात कही। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका दौरा किया था।इधर, अमेरिकी एनजीओ, धार्मिक नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के एक गठबंधन ने सरकारों, वैश्विक संगठनों और निजी कंपनियों से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ खड़े होने की अपील की है।बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र को हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए और वापस लौटने के इच्छुक लोगों को लाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि फर्जी वीडियो जानबूझकर प्रसारित किए जा रहे हैं, क्योंकि कुछ वर्ग सांप्रदायिक तनाव को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

फिल्म बागी 4 में नजर आएंगी अभिनेत्री सोनम बाजवा, टाइग श्रॉफ के साथ बनी जोड़ी

पिछले लंबे समय से अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह साल 2016 में आई फिल्म बागी की चौथी किस्त है।इस फिल्म के लिए टाइगर ने एक बार फिर निर्माता साजिद नाडियाडवाला से हाथ मिलाया है।बीते दिन निर्माताओं ने संजय दत्त का फिल्म की स्टार कास्ट में स्वागत किया था, वहीं अब खबर आ रही है कि सोनम बावजा भी बागी 4 की टीम में शामिल हो गई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बागी 4 में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने सोनम से संपर्क किया है।कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है।वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। सोनम बागी 4 में टाइगर के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने भजरंगी और वेधा जैसी कन्नड़ फिल्मों का निर्देशन किया है। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं।इस फिल्म को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बागी 2016 में रिलीज हुई थी, वहीं इसका सीक्वल 2018 में और तीसरा भाग 2020 में आया था।बता दें कि सोनम इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

शतरंज खेलने से मिल सकते हैं कई फायदे, जानिए इसे अपनाने के तरीके

शतरंज एक ऐसा खेल है, जो न केवल दिमाग को तेज करता है, बल्कि धैर्य और रणनीति बनाने की कला भी सिखाता है।अगर आप शतरंज के शौकीन हैं या इसे सीखना चाहते हैं तो रोजाना अभ्यास करना बहुत जरूरी है। यह खेल आपके मानसिक कौशल को निखारता है और सोचने की क्षमता को बढ़ाता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताते हैं, जिससे आप अपनी दिनचर्या में शतरंज को शामिल कर सकते हैं।

समय निर्धारित करें

रोजाना शतरंज खेलने के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करें। यह समय सुबह का हो सकता है जब आपका दिमाग ताजा होता है या शाम का जब आप अपने काम से फ्री होते हैं।नियमित समय पर खेलने से यह आपकी आदत बन जाएगी। इससे न केवल आपका खेल बेहतर होगा, बल्कि मानसिक कौशल भी निखरेंगे।धीरे-धीरे आपको खेल में सुधार दिखेगा और आप नई रणनीतियों को आजमाने के लिए प्रेरित होंगे।

छोटे लक्ष्य बनाएं

शुरुआत में बड़े लक्ष्य बनाने के बजाय छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं। जैसे कि पहले हफ्ते में सिर्फ बुनियादी चालें सीखें, फिर अगले हफ्ते कुछ खास रणनीतियों पर ध्यान दें।इसके बाद हर दिन एक नई चाल या रणनीति पर काम करें। छोटे लक्ष्यों को पूरा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।इससे आप शतरंज के खेल में धीरे-धीरे माहिर हो जाएंगे और आपकी सोचने की क्षमता भी बेहतर होगी।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें

आजकल कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जहां आप दुनिया भर के खिलाड़ियों के साथ खेल सकते हैं।इन प्लेटफॉर्म्स पर खेलने से आपको अलग-अलग प्रकार की चालों और रणनीतियों का अनुभव मिलेगा, जिससे आपका खेल बेहतर होगा। इसके अलावा आप अपने खेल को रिकॉर्ड कर सकते हैं और बाद में अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं।इन प्लेटफॉर्म्स पर विभिन्न स्तरों के खिलाड़ी होते हैं, जिससे आपको अपने स्तर के अनुसार प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलता है।

किताबें और वीडियो देखें

शतरंज की किताबें पढ़ना और वीडियो देखना आपके खेल को सुधारने के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे आपको नए-नए तरीकों और चालों के बारे में जानकारी मिलती है, जो आपके खेल को बेहतर बनाने में मदद करती है। किताबों में दिए गए उदाहरण और वीडियो में दिखाए गए मैच आपको नई रणनीतियों को समझने का मौका देते हैं। विशेषज्ञों द्वारा दिए गए टिप्स भी आपकी समझ को गहरा करते हैं।

दोस्तों और परिवार के साथ खेलें

अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को भी इस खेल में शामिल करें। उनके साथ खेलने से न केवल मजा आएगा बल्कि प्रतिस्पर्धा का माहौल भी बनेगा जिससे आपका प्रदर्शन बेहतर होगा। आपसी मुकाबले से नई चालें और रणनीतियां सीखने का मौका मिलेगा। इससे आप एक-दूसरे की गलतियों से भी सीख सकते हैं और खेल में सुधार कर सकते हैं। इस प्रकार शतरंज को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आसान हो जाएगा और दिमागी कौशल भी निखरेंगे।

अंकुरित गेहूं का सेवन सेहत के लिए होते है फायदेमंद, इससे बनाएं ये 5 पौष्टिक व्यंजन

अंकुरित गेहूं एक बेहद पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ हैं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल की भरपूर मात्रा होती है।इसे अपनी डाइट में शामिल करने से न केवल आपकी ऊर्जा बढ़ सकती है, बल्कि पाचन तंत्र भी मजबूत हो सकता है।इस लेख में हम आपको अंकुरित गेहूं से बनने वाले खास व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जो रोजमर्रा के खाने से अलग और पौष्टिक हैं।इन व्यंजनों को बनाना भी बहुत आसान है।

अंकुरित गेहूं का सलाद

अंकुरित गेहूं का सलाद एक ताजगी भरा और पौष्टिक व्यंजन है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, 1 कटा हुआ टमाटर, 1 कटा हुआ खीरा, 1 कटा हुआ प्याज, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च।इसके लिए सभी सब्जियों को काटकर सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिला लें। यह सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखता है।

अंकुरित गेहूं की टिक्की

अंकुरित गेहूं की टिक्की एक बेहतरीन स्नैक हो सकती है। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा- 2 कप अंकुरित गेहूं, 2 उबले हुए आलू, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, स्वादानुसार नमक और मसाले।इसे बनाने के लिए आलू को मीसें और सभी सामग्रियों को मिलाकर गोल-गोल टिक्कियां तैयार कर लें।अब इन टिक्कियों को तेल में सुनहरा होने तक सेंकें। ये टिक्कियां प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती हैं, जो आपके स्नैक टाइम को सेहतमंद बना सकती हैं।

अंकुरित गेहूं का सूप

ठंड के मौसम में अंकुरित गेहूं का गर्मा-गर्म सूप पीने का मजा ही अलग होता है।इसके लिए आपको चाहिए होगा- 1 कप अंकुरित गेहूं, गाजर, बीन्स, मटर आदि जैसी सब्जियां, अदरक लहसुन का पेस्ट और मसाले।सब्जियों को उबालें और उसमें अंकुरित गेहूं मिलाएं। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और मसाले मिलाएं। इसे अच्छी तरह पकाएं, ताकि सभी स्वाद मिल जाएं।यह सूप विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो शरीर को गर्माहट और पोषण प्रदान करता है।

अंकुरित गेहूं की खिचड़ी

खिचड़ी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन इस बार अंकुरित गेहूं की खिचड़ी चखकर देखें। इसके लिए आपको चाहिए होगा- आधा कप चावल, आधा कप मूंग दाल, 1 कप अंकुरित गेहूं, स्वादानुसार नमक और मनचाहे मसाले।सबसे पहले चावल और दाल को पकाएं, फिर उसमें अंकुरित गेहूं डालें और मसाले मिलाएं। यह खिचड़ी पेट के लिए हल्की होती है और पोषण से भरपूर होती है, जिससे पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।

अंकुरित गेहूं का पराठा

पराठे तो सभी पसंद करते हैं, लेकिन इस बार अंकुरित गेहूं का पराठा बनाएं। इसके लिए आपको चाहिए होगा- आटा, उबले हुए आलू, बारीक कटे हुए प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, मसाले और अंकुरित गेहूं।आटे में सभी सामग्रियां मिलाकर पराठे बेल लें और घी में सेंक लें। ये पराठे स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।इन व्यंजनों को डाइट में शामिल करके आप स्वस्थ रेह सकते हैं।

फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा

अमर सिंह चमकीला की सफलता के बाद अब भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है।इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फहाद फासिल बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं।इस फिल्म में फहाद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब फहाद और तृप्ति की आने वाली फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फहाद और तृप्ति की आगामी फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल रखा गया है।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इन दिनों इम्तियाज फिल्म की कहानी लिख रहे हैं।बता दें कि लैला मजनू के बाद इडियट्स ऑफ इस्तांबुल तृप्ति और इम्तियाज के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, वहीं फहाद पहली बार इम्तियाज के साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।बता दें कि फहाद मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं।

ब्लैक गाउन पहन रकुल प्रीत सिंह ने शेयर किया हॉट लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज पर उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनकी कातिल अदाएं सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने ब्लैक कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

बालों को पोनी स्टाइल लुक में बांधकर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

डिस्पैच का नया पोस्टर जारी, मनोज बाजपेयी के साथ दिखीं शहाना गोस्वामी

पिछले लंबे समय से दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी अपनी आने वाली फिल्म डिस्पैच को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान कनु बहल ने संभाली है।इस फिल्म में वह पहली बार एक निडर पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगे। शहाना गोस्वामी भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुई दिखाई देंगी।अब निर्माताओं ने डिस्पैच का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मनोज और शहाना की झलक दिख रही है।

डिस्पैच को सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को आप 13 दिसंबर, 2024 से जी5 पर देख पाएंगे।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, कड़वी सच्चाई को निगलना आसान नहीं होगा।डिस्पैच का प्रीमियर बीते दिनों गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में किया गया था। वहां फिल्म को खूब तारीफ मिली थी।

शब्द सामर्थ्य -263

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. मुस्सा, कहर.

1		■	2		3	4	■	■
	■	5		■	6		7	■
8	9		■	10		■	11	
■	12		■	13		14		■
■	15			■	■	16	17	
■	18		■	19				■
■	■	■	20		■	21		■
22							■	23
24			25		26		26	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 262 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

साढ़े छह हजार से अधिक किसानों से अब तक करीब 3 लाख क्विंटल धान की खरीदी

कोरिया। कोरिया जिले में 14 नवम्बर से अब-तक 6 हजार 513 किसानों से 2 लाख 72 हजार 509 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिले में 7 राइस मिल संचालकों ने अनुबंध किया है, जिससे धान खरीदी केंद्रों से उठाव में तेजी आया है। जिला विपणन अधिकारी ने जानकारी दी है कि सग्रहण केन्द्र में 7 हजार 140 क्विंटल धान जारी किया गया है, और मिलर्स को 5 हजार 760 क्विंटल धान का डीओ जारी हुआ है। इस तरह अब-तक कुल 12 हजार 900 क्विंटल धान उठाव के लिए जारी हुआ जिसमें 7 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव हो चुका है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी गिरजाशंकर साहू ने जानकारी दी कि जिले में इस खरीफ वर्ष के लिए 22 हजार 978 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इस वर्ष 21 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब-तक 6 हजार 513 किसानों ने अपना धान बेचा है। इसके एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 67 करोड़ 90 लाख 62 हजार 210 रुपए का भुगतान किया गया है। जिले के पंजीकृत किसानों को खरीफ फसल के लिए 6 हजार 513 किसानों को 15 करोड़ 95 लाख 23 हजार 837 रुपए का ऋण वितरण किया गया था।

ऋण वसूली की प्रक्रिया भी चल रही है। अभी तक लिकिंग के माध्यम से 14 करोड़ 92 लाख 53 हजार 302 रुपए का ऋण वसूला गया है। शेष लक्ष्य की वसूली आने वाले दिनों में लिकिंग के माध्यम से की जाएगी। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 07836-232330 तथा कॉल सेंटर नम्बर 1800-233-3663 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाइन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकता है।

सफलता की कहानी

धान की सही कीमत से किसानों के जीवन में खुशहाली: सुबसो राजवाड़े

कोरिया। छत्तीसगढ़ सरकार की नई धान खरीदी नीति ने किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य देकर एक नई उम्मीद दी है। जूनापारा सरडी की किसान श्रीमती सुबसो राजवाड़े ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें कभी कल्पना भी नहीं थी कि एक दिन प्रदेश में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल का मूल्य मिलेगा। पति अमर साय राजवाड़े के निधन के बाद खेती-किसानी की पूरी जिम्मेदारी उठाने वाली श्रीमती सुबसो इस साल 53 क्विंटल धान बेचने धान खरीदी केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बताया, ''धान खरीदी केंद्र में हमाली और बोरी की व्यवस्था बेहतर है। कर्मचारी सहयोगी हैं, और किसी तरह की पैसे की मांग नहीं की जाती। इससे हमें बिना किसी परेशानी के अपनी फसल बेचने का मौका मिला'' धान बिक्री से प्राप्त राशि के बारे में उन्होंने कहा, ''इस पैसे का उपयोग खेती के कामों में करूंगी और कुछ राशि बच्चों के भविष्य के लिए जमा करूंगी। ''उन्होंने इस नीति को किसानों के लिए एक बड़ा सहारा बताया। श्रीमती सुबसो ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तारीफ करते हुए कहा, ''मुख्यमंत्री खुद किसान हैं। यही वजह है कि वे हमारी जरूरतों और समस्याओं को समझते हैं। उनकी नेतृत्व में किसानों को धान की सही कीमत दिलाने के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उससे किसानों की जिंदगी में सुखद बदलाव आया है। श्रीमती सुबसो ने कहा, ''किसानों का जीवन खेती-बाड़ी से जुड़ा होता है। सही खरीदी और सही कीमत मिलने से आर्थिक तंगी कम होती है और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है'' छत्तीसगढ़ में धान खरीदी नीति न केवल आर्थिक विकास का आधार बन रही है, बल्कि किसानों के जीवन में विश्वास और समृद्धि की नई रोशनी भी ला रही है।

जागव बोटर अभियान

मशाल रैली और रंगोली से जगाया मतदान का महत्व

कोरिया। आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए कोरिया जिले में जागव बोटर अभियान के तहत व्यापक जन जागरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए. पन्ना ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में रात के समय मशाल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और मतदान के महत्व को समझा। इसी कड़ी में शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। छात्राओं ने रंगोली के जरिए सभी वर्गों और धर्मों के लोगों को मतदान में भाग लेने का संदेश दिया। इसके साथ ही, मतदान से जुड़े विषयों पर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने निष्पक्ष और निर्भीक मतदान की शपथ ली। सीईओ ए. पन्ना ने कहा, मतदान एक अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। अभियान के तहत आने वाले दिनों में जिले में और भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से हर नागरिक को मतदान के महत्व से जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना से महिलाओं को मिल रहा लखपति बनने का आधार

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना बहुआयामी लाभ का कारक सिद्ध हो रही है। एक ओर हजारों लाखों चेहरों पर अपना पक्का मकान होने की संतुष्टि है वहीं दूसरी ओर इसे व्यवसायिक दृष्टिकोण से देखने वाले जिला प्रशासन कोरिया ने एक नई पहल प्रारंभ कर दी है। इसका सीधा लाभ उन उद्यमी महिलाओं को होने जा रहा है जिनके परिवार राजमिस्त्री कार्य से संबंध रखते हैं।

कोरिया जिले में इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेंट्रिंग प्लेट कार्य से जुडकर अब तक 47 महिलाओं को एक नया उद्यम प्राप्त हो चुका है और जल्द ही सभी अपने गांव में ही रहकर लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर हो चुकी हैं। आज इसी तारतम्य में कोरिया जिले के विकासखंड बैकुण्ठपुर अतर्गत ग्राम नगर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान लखपति दीदी योजना अंतर्गत टम्ब् प्रोग्राम से तीन संभावित लखपति दीदियों को आवास बनाने के लिए आवश्यक सेंट्रिंग प्लेट आजीविका गतिविधि से जोड़ा गया। ग्राम पंचायत नगर में श्रीमती फूलमती सिंह एवं श्रीमती कलावती काशी की सेंट्रिंग प्लेट गतिविधियों और श्रीमती हीरोंदिया कुर्रे की किराना दुकान गतिविधि का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गांव-गांव में पक्के आवास बनाए जा रहे हैं जिसमें बहुतायत में सेंट्रिंग प्लेट, ईट, गिट्टी, सिमेंट, रेत आदि की आवश्यकता है। इसी कड़ी में ग्राम स्तर पर ही उक्त निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्व सहायता समूह की संभावित लखपति दीदियों को सेंट्रिंग प्लेट किराए पर उपलब्ध कराने की गतिविधि से जोड़ा जा रहा है। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे क्षेत्र को इसका दोहरा लाभ प्राप्त होगा। पहला पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान बनाने में आसानी होगी और दूसरा आपको इसके किराए से आर्थिक लाभ होगा। भविष्य में यही दीदियाँ अपना आर्थिक विकास कर लखपति दीदी बनेंगी। विदित हो कि कोरिया जिले में अब तक कुल 47 महिलाओं ने इस कार्य को प्रारंभ किया है परिणाम स्वरूप आवासों का निर्माण तेजी से हो रहा है साथ ही साथ उद्यमी महिलाओं की आय में वृद्धि भी हो रही है। कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण किये जाने में स्व सहायता समूह की दीदियों के द्वारा चलाई जा रही आजीविका गतिविधियों का विशेष योगदान है जिले में कुल 47 समूहों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट, 12 समूहों द्वारा निर्माण सामग्री की आपूर्ती की जा रही है। इस दौरान जिला मिशन प्रबंधन इकाई से तरूण सिंह रघुवंशी, सत्य प्रसाद मिश्रा, आलोक कुमार सिंह एवं विकासखंड मिशन प्रबंधन इकाई से कल्पना देवांगन एवं कोमल तिवारी, ई.डी.आई.आई. संस्था से जालेश्वर के साथ समूह की महिलाएँ उपस्थित थीं।

महतारी वन्दन योजना से पूनम, इंद्रा सुधा की चेहरे में खिली खुशियां

महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही यह योजना

कोरिया। ग्राम धौरा टिकरा की महिलाएं महतारी वन्दन योजना से सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही हैं। सरकार द्वारा हर माह महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता उनके जीवन को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के लाभ से प्रभावित श्रीमती पूनम नाविक, इंद्रा नाविक और सुधा नाविक ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सरकार का आभार प्रकट किया। श्रीमती पूनम नाविक ने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग वह परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कर रही हैं। वहीं, श्रीमती सुधा ने बताया कि यह पैसा उनके घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में सहायक हो रहा है। श्रीमती इंद्रा ने कहा, ''यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रही है। मैं इस पैसे को बचाकर भविष्य की जरूरतों के लिए उपयोग कर रही हूं। इन महिलाओं के पतियों ने भी इस योजना की सराहना की। राज प्रसाद, कैलाश नाविक और कवि शंकर ने इसे सरकार का दूरदर्शी और लाभकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक मजबूती दे रही है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बना रही है। महिलाओं और उनके परिवारों ने राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक और जनहितकारी बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाओं को गांव, गरीब, महिलाओं और किसानों के लिए बेहद लाभकारी बताया। महतारी वन्दन योजना ने महिलाओं को उनके अधिकार और आत्मनिर्भरता का एहसास कराया है। योजना न केवल आर्थिक सहायता दे रही है, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बना रही है।

दो आरोपी गिरफ्तार, गाय का मांस निकाल कर रहे थे खाने की तैयारी

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से गाय की हत्या का मामला सामने आया है। दो आरोपी गाय काटकर खाने की तैयारी में थे। इतने में ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। पुलिस ने गाय के मांस सहित आरोपी कंदा कोरवा और सोमारसाय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटनालुंड्रा थाना क्षेत्र के मंदरिया पारा कोरंधा गांव की है। वहीं बीते महीने जशपुर जिले की पुलिस लगातार गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसी दौरान पुलिस ने दो पिकअप वाहनों की चेंकिंग की थी। जिसमें 25 नग मवेशियों को बरामद किया था। उनमें से तीन मवेशियों की मौत हो गई थी।देर रात दो पिकअप वाहन में कई मवेशियों को भरकर अवैध रूप से ले जा रहे थे। इसके बाद 7 थानों की पुलिस जगह- जगह पर चेंकिंग पाइंट बनाकर वाहनों की चेंकिंग की जा रही थी। संदिग्ध वाहनों को रोकाकर उसे पूछताछ कर रही थी। तभी दो पिकअप चालक पुलिस को देख भागने लगा और दूर जाकर कींचड़ में वाहन को फंसा दिया।

जल संसाधन विभाग का पूर्व ईई गिरफ्तार, करोड़ो के गबन का है आरोप

बलरामपुर। रामानुजगंज जिले के जल संसाधन विभाग रामानुजगंज में 8.87 करोड़ रुपए के गबन मामले में पुलिस ने तत्कालीन प्रभारी ईई संजय कुमार ग्रेयकर (44) को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी ईई ने भू-अर्जन के एवज में मुआवजा वितरण के लिए प्राप्त राशि को चेक के माध्यम से निजी खातों में ट्रांसफर कर लिया था। मामले में जांच के बाद एफआईआर दर्ज की गई।

जानकारी के मुताबिक, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एनसी सिंह ने 17 मार्च 2023 को थाना रामानुजगंज में 8.87 करोड़ रुपए के गबन की शिकायत दर्ज कराई थी। संजय कुमार ग्रायकर और उनके सहयोगियों ने भू-अर्जन को शासकीय राशि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निजी खातों में स्थनांतरित किया गया।इस गबन के दौरान मार्च 2022 से मई 2022 तक विभिन्न फर्मों और ठेकेदारों को अनुचित भुगतान किया गया। प्राथमिक जांच में मामले की पुष्टि होने पर रामानुजगंज पुलिस ने अपराध क्रमांक 72/2023 के तहत धारा 420, 467, 468, 471, 409 और 120 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद जल संसाधन के प्रभारी ईई रहे संजय कुमार ग्रायकर लंबे समय से फरार चल रहे थे। एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश की गई। विश्वस्त मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रायगढ़ से आरोपी को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपने हस्ताक्षर से शासकीय धन के अनियमित आहरण और कूटरचना कर अवैध भुगतान करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जल संसाधन के एसडीओ संजय कुमार ग्रायकर को रामानुजगंज के ईई का प्रभार दिया गया था। प्रभार में रहते हुए संजय कुमार ग्रायकर ने विभिन्न सिंचाई योजनाओं के भू-अर्जन के एवज में मुआवजा बांटने के लिए मिली राशि का मद परिवर्तित कर दिया।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गदबदी के बच्चों को स्वेटर एवं मोजे जूते बाटे

कोरिया बैकुंठपुर। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गदबदी, संकुल सारा क्र विकास खंड बैकुंठपुर जिला कोरिया में 10 दिसंबर 2024 को सभी बच्चों को स्वेटर एवं जूता मोजा का वितरण किया गया।

जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सारा की संकुल प्राचार्य श्रीमती रेखा यादव , मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बैकुंठपुर के जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह , विशिष्ट अतिथि गदबदी सरपंच श्रीमती सुशीला मसराम, एसएमसी सदस्य ललन सिंह , कोरिया से प्रेमनारायण राय, भूषण सिंह , परदेसी सिंह , एवं दीपक सिंह विराजमान थे जहां सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को शुभस्नेह एवं आशीर्वाद वचन प्रदान किए गए एवं बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात बच्चों को गर्म कपड़े एवं जूता मोजा का वितरण किया गया तथा अतिथि भोजन कराया गया जिससे बच्चों में हर्ष व्याप्त था। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला गदबदी के प्रधान पाठक कृष्णपाल यादव, सीएसी अशोक लोधी, शिक्षक आनंद गुप्ता, बहादुर राजवाड़े, शिक्षिका सुश्री श्वेता तिवारी, प्राथमिक शाला गदबदी के प्रधान पाठक राजेश सिंह, शिक्षिका श्रीमती द्राक्षलता लकड़ा, एवं प्राथमिक शाला फाटपानी से शिक्षिका श्रीमती शीतल खरे का योगदान सराहनीय रहा।

आयुक्त की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक का किया गया आयोजन

सूरजपुर। सरगुजा संभाग आयुक्त जी आर चुरेंद्र की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन जिले के जनपद पंचायत प्रेमनगर एवं रामानुजनगर में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एस डी एम श्री अजय मोड़ीयम, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनपद अध्यक्ष प्रेमनगर एवं सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत प्रेमनगर अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष , पार्षदगण, विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्राम कोटवार उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में सत्ता और प्रशासन का समन्वय बेहद आवश्यक है। इससे क्षेत्र विशेष में बुनियादी सुविधाओं को विकसित करना आसान होगा। इस समन्वय बैठक के आयोजन को शासन की योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रयास बताया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जनों से कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करें और उन्होंने शासकीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने जिले के ग्रामों को सुंदर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री जी आर चुरेंद्र ने सभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए शासन, प्रशासन के साथ जनता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैठक में आम जनों के साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासन का समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए समाज के विकास में आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने समन्वय बैठक के माध्यम से ग्रामीण विकास के चौतरफा विकास की दिशा में कार्ययोजना पर चर्चा को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिधि स्वयं भी समाज का हिस्सा हैं ऐसे में उनकी जिम्मेदारी सामाजिक विकास में और भी ज्यादा हो जाती है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार लोक कल्याणकारी राज्य स्थापना के लिए कार्य कर रही है। परन्तु आज भी कई क्षेत्र पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मठता में सदृण समाया है। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए सभी आमजनों को कर्मठता के साथ विकास में सहयोगी होना होगा। तभी सभी क्षेत्रों का विकास संभव हो पाएगा।

जगतपुर जलाशय योजना: ग्रामीण विकास और खुशहाली का नया आयाम

कोरिया। ग्रामीण विकास और कृषि उत्थान के लिए आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण हमेशा से एक महत्वपूर्ण आवश्यकता रही है। बैकुण्ठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जगतपुर में स्थित जगतपुर जलाशय योजना इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है। वर्षों से उपेक्षित इस योजना के पुनरुद्धार ने किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। जगतपुर जलाशय की नहरें समय के साथ क्षतिग्रस्त हो चुकी थीं। उनमें गाद जमा होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था, जिससे अंतिम छोर तक सिंचाई संभव नहीं हो पाती थी। पानी के अपव्यय और फसल उत्पादन में कमी से किसान हताश थे। ग्राम वासियों की मांग पर जिला प्रशासन ने इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। जगतपुर जलाशय योजना के नहरों की मरम्मत और सीसी चैनल निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से 5 लाख रुपये और मनरेगा मद से 32.45 लाख रुपये, कुल 37.45 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। इस राशि का उपयोग नहरों की सफाई, मरम्मत और सीसी चौनल निर्माण में किया गया। इस पुनरुद्धार से पहले, जलाशय से केवल 30 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई संभव थी। अब, मरम्मत और सीसी चौनल निर्माण के बाद खरीफ फसल के लिए 110 हेक्टेयर भूमि तक पानी पहुंच रहा है। पक्की नहरों के कारण पानी का अपव्यय रुका है, जिससे रबी फसल में भी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस योजना से लगभग 120 किसानों को सीधा लाभ मिला है। बेहतर सिंचाई सुविधा ने उन्हें दो फसल लेने में सक्षम बनाया है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। साथ ही, मनरेगा के तहत इस कार्य में ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। ग्रामवासियों के अनुसार, इस योजना ने न केवल उनकी खेती-किसानी को आसान बनाया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी दिया है। किसानों का कहना है कि अब वे सिंचाई की चिंता किए बिना अपनी फसलों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। जगतपुर जलाशय योजना यह सिद्ध करती है कि प्रशासन और सरकार की योजनाओं का सही क्रियान्वयन कैसे ग्रामीण जीवन को बदल सकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में इस तरह के प्रयास गांवों में विकास और खुशहाली की नींव रख रहे हैं।

लालच भारी जिंदगी पर, परिवहन विभाग को इससे नहीं मतलब

नियमों की धज्जियां उड़ा रहे मालवाहक जिले में

कोरबा। कवर्धा जिले में चढ़ाई वाले रास्ते पर एक पिकअप के पलटने से 8 से ज्यादा पहाड़ी कोरबा की मौत के बाद सरकार ने राज्य स्तर पर अभियान चला कर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कुछ समय तक अभियान जारी रहा और फिर हालात यथावत हो गए। इस मामले में परिवहन विभाग चैन की नींद में है।

हालात इस प्रकार के हैं कि उपयोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में करने को लेकर पुलिस को मैदान में उतरना पड़ा है। उसने कार्रवाई विश्व रुकी है और कुछ मामलों में समझाइश देकर भी लोगों को सचेत किया। कटघोरा क्षेत्र में पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई की। अब हर इलाके में इस मामले पर संज्ञान लेने की बात की जा रही है।

कटघोरा और बांगो क्षेत्र में दो दिन पहले हुए हादसे में एक किशोरी सहित दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक पृथक को भारी वाहन ने चपेट में दिया जबकि दूसरी वाहन पिकअप थी जो 25 से अधिक लोगों को पिकनिक एंजॉय करने के बाद गांव लौट रही थी। इन घटनाओं ने एक बार फिर दर्शाया की लापरवाही के कारण अनहोनी हो रही है और इनमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। कटघोरा पुलिस के द्वारा विशेष अभियान की शुरू करते हुए उन गाड़ियों को निशाने पर लिया गया जो गुड्स ट्रांसपोर्ट के रूप में परिवहन विभाग के पास पंजीकृत है लेकिन उनका अवैध उपयोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में किया जा रहा है। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने इस अभियान को लेकर खुद मोर्चा संभाला और मुख्य मार्ग पर अनेक गाड़ियों को रोकने के साथ वाहन चालकों की जबरदस्त खबर ली। ऐसे वाहनों में बड़ी संख्या में महिलाएं सवार थी जो अपने काम से बाहर जा रही थी। पुलिस ने महिलाओं से बातचीत की और जाना कि आखिर यह सब क्या हो रहा है। इस दौरान बड़ा मासूमियत जवाब सामने आया कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट के मुकाबले ऐसी गाड़ी में किराया कम लगता है इसलिए यह इसे अपने लिए सबसे अच्छा विकल्प मानते हैं। पुलिस ने कहा कि यह सब अवैध और असुरक्षित है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सड़कों पर लगातार हो रहे हादसे की रोकथाम के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आवश्यक कोशिश की जा रही है। नेशनल हाईवे के अलावा स्टेट हाईवे में दुर्घटनाओं के मध्य नजर कई प्रकार के सुधारात्मक प्रयास किए गए हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी स्तर पर चुनौती दिए जाने को ना तो मंजूर किया जाएगा और ना ही इसे हल्के से लिया जाएगा। पुलिस ने साफ तौर पर कहा है की लालच के चक्कर में अपनी जान जोखिम में ना डालें और जहां कहीं ऐसे मामले नजर में आएंगे उन पर निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपार्जन केंद्र में घुसा दंतैल, मचा हड़कंप

कोरबा। कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का चौतरफा उत्पात जारी है। जहां कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व करतला रेंज में बड़ी संख्या में घूम रहे हाथियों ने चचिया धान उपार्जन में घुसकर वहां रखे 3 कट्टी धान को चट कर दिया वहीं घिनारा गांव में एक किसान की बाड़ी में लगे सिंचाई पाइप को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर दिया। कुदमुरा रेंज में भी हाथियों ने एक ग्रामीण के घर के दरवाजे को तोड़कर वहां रखे धान को चट किया है। कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथियों ने पसान रेंज के सेमरहा, बनिया व बीजाडांड में अरहर फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने पर वन अमला आज मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा में 16 हाथी सक्रिय हैं। इनमें से एक दंतैल बीती रात चचिया धान उपार्जन केंद्र पहुंचा और वहां रखे धान को चट करने के साथ ही उत्पात मचाया। हाथी के अचानक उपार्जन केंद्र में पहुंचने से हड़कंप मच गया। वहां मौजूद चौकीदारों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचा और उपार्जन केंद्र में उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेड़ने की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। उधर कुदमुरा परिसर में घूम रहे हाथियों ने एक ग्रामीण के घर का दरवाजा तोड़कर वहां रखे अनाज (धान) को खा गया। इस बीच करतला रेंज में 50 की संख्या में हाथी लगभग एक पखवाड़े से डेरा डाले हुए हैं। इनमें से 49 हाथी बोतली क्षेत्र के अतरपानी जंगल पहुंच गया है जबकि एक हाथी बड़मार में ही विचरण कर रहा है। अतरपानी जंगल पहुंचने से पहले हाथियों ने घिनारा में एक ग्रामीण के बाड़ी में लगे सिंचाई पाइप को निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं वहां लगे सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर डाला है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के सेमरहा-बनिया में 14 तथा बीजाडांड में 8 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल ने भी दोनों ही गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए अरहर फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

मजदूर कार्ड बनाने की जा रही अवैध वसूली

कोरबा। पाली विकासखंड के गांवो में कुछ युवकों द्वारा प्रशासन की अनुमति के बगैर तीन तीन सौ रूपये लेकर मजदूर कार्ड बनाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों के इसकी आड में ठगी का शिकार होने की संभावना भी बनी हुई है। इसकी सूचना थाने में दिए जाने तथा मीडिया को भनक लगने के बाद मजदूर कार्ड बनाने वाले युवक फरार हो गए । मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के माखनपुर गांव में पहुंचकर तीन युवक अपनी मोबाइल के जरिए प्रशासन की बिना अनुमति के शिविर लगाकर ग्रामीणों का मजदूर कार्ड बनाने के नाम पर तीन तीन सौ रूपये वसूली कर रहे थे। जब इसकी सूचना मीडिया कर्मियों को लगी तो उन्होंने मौके पर जाकर पूछ ताछ की जिसपर वे सही जावब नही दे पाए । बाद में फार्म खत्म होने का बहाना बनाकर तीनों युवक एक एक कर मौके से फरार हो गए जिसकी सूचना पाली थाना में दी गई।

उधार की रकम अदा करने दिया गया चेक हुआ बाउंस, आरोपी को सुनाई गई सजा

परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता धनेश ने की

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जमनीपाली शाखा से एक लाख रुपए का ऋण लेकर उसे समय पर न लौटाने की वजह से अभियुक्त को 6 महीने की साधारण कारवास की सजा सुनाते हुए 2 लाख 50 हजार रुपए प्रतिकर के रूप में परिवादी बैंक को देने का आदेश पारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी आभा प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपाइटर पहारूराम निराला के द्वारा प्रिंटिंग प्रेस के संचालन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की जमनीपाली शाखा से 1 लाख रुपए उधार लिया गया था जिसे अदा करने के लिए युवक के द्वारा परिवादी बैंक को 1 लाख 34 हजार 464 रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। बैंक के द्वारा उक्त चेक को आहरण हेतु जब शाखा में जमा किया गया तो उसमें पर्याप्त राशि न होना दिखाया गया। जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी युवक को दिया गया। इसके पश्चात् भी आरोपी रकम चुकाने में असफल रहा। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश पंकज दीक्षित कटघोरा ने युवक को दोषी पाते हुए 6 माह का साधारण कारावास एवं रूपए 2 लाख 50 हजार प्रतिकर के रूप में बैंक को अदा करने की सजा सुनाई गई। समय पर बैंक को रकम न लौटाने पर अभियुक्त को दो महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई। परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जमनीपाली शाखा की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश के द्वारा की गई।

तिहलापताई में युवक-युवती के शव मिले फंदे पर, अफेयर का संदेह

कोरबा। तिहलापताई गांव में पेड़ पर युवक-युवती को फंदे पर लटका पाया गया है। खबर होने पर ग्रामीणों की भीड़ यहां लग गई। पुलिस को मामले से अवगत कराया गया है। मृतकों की पहचान के लिए प्रयास जारी है।

सूपातराई ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम तिहलापताई में आज सुबह लोगों ने एक जोड़े को फंदे पर देखा। माना जा रहा है कि मामला लव अफेयर का हो सकता है। मृतक ग्रामीण क्षेत्र के हैं या कहीं और के। इस बारे में जानकारी नहीं मिली है। अटकलें लगाई जा रही है कि अपने मामले में अड़चने आने और आगे की राह मुश्किल भरी होने के चक्कर में जोड़े ने जिंदगी समाप्त की होगी। उरगा पुलिस के द्वारा की जाने वाली जांच में वास्तविक तथ्य उजागर हो सकेंगे।

200 करोड़ के फोरलेन से भी लोगों को राहत नहीं, अधूरे काम से आफत

कोरबा। एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के द्वारा 200 करोड़ रुपए देने के साथ इमलीछापर से तरदा तक स्वीकृत फोरलेन सड़क चार साल बीतने के बाद भी नहीं बन सकी। इसका काफी हिस्सा बनने से थोड़ी राहत जरूर हुई लेकिन सर्वमंगला नगर तिराहा के आसपास आधा-अधूरा आसपास पहले की तरह लोगों को परेशान कर रहा है।

फोरलेन के चक्कर में इस इलाके में बना हुआ मंदिर और काम्प्लेक्स ध्वस्त कर दिया गया। सीमित संख्या में लोगों के पास रोजगार के साधन थे वे भी समाप्त हो गए। आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही फोरलेन का निर्माण होने से कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाएगीं और खासतौर पर वायु प्रदूषण से लेकर जल जमाव से जुड़ी परेशानी खत्म हो जाएगी। लोगों को महसूस हो रहा है कि विकास के दावे के बीच हुआ कुछ नहीं। लोगों की शिकायत है कि सर्वमंगला नगर तिराहे के बड़े हिस्से में सड़क खोद दी गई है और उसे बदहाल स्थिति में छोड़ दिया गया है। पहले की तरह मौके पर समस्याएं कायम हैं। इसके चलते जनजीवन और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सर्वमंगला नगर के लोग बताते हैं कि नेताओं के निकम्मपन के कारण इस इलाके की उपेक्षा लगातार हो रही है क्यों नेताओं को रेत चोरी से फुर्सत नहीं है।

बालको ने दिव्यांग बच्चों के साथ खुशी साझा की

कोरबा। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने दिव्य ज्योति स्कूल में बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया। स्कूल में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता को बढ़ावा देने और किशोरों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न पहल का आयोजन किया गया। कंपनी के समावेशिता और सशक्तिकरण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के अनुरूप कार्यक्रम में 100 से अधिक दिव्यांग बच्चे और बालको कर्मचारी शामिल हुए।

बालको ने 'स्टिच माई ओन पैड' नामक एक विशेष कार्यक्रम भी संचालित किया। आर्थिक रूप से कमजोर और माहवारी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करते हुए कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण ने अलग-अलग दिव्यांग किशोरियों को अपने स्वयं के पुन: प्रयोज्य कपड़े के पैड सिलने के लिए सशक्त बनाया। इस सत्र में माहवारी से जुड़ी चुनौतियों और भ्रांतियों के बारे में भी चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य एक ऐसा सहायक वातावरण बनाना था जो किशोरियों के आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाए।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए बालको ने माहवारी के बारे में शिक्षा को सशक्त बनाने और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष ब्रेल-आधारित शिक्षण मॉड्यूल भी पेश किए हैं। कंपनी के मॉड्यूल से मूक, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों और संवेदी चुनौतियों का सामना करने वाले इन सभी को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा कर्मचारी ने बच्चों के साथ कहानियाँ साझा कर उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने समावेशिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने कार्यस्थल और साथ ही अपने आस-पास के समुदाय में समावेशिता की संस्कृति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम व्यक्तियों की अद्वितीय क्षमताओं का जश्न मनाकर और सार्थक बदलाव लाने वाले समान अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हम बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने की उम्मीद करते हैं।

दिव्यांग बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए बालको के सहायक प्रबंधक दीपम नाथ ने कहा कि बालको में स्वयंसेवा करना हमेशा एक प्रेरणादायी अनुभव रहा है। समुदाय के साथ जुड़ना मुझे याद दिलाता है कि योगदान करने का विकल्प कितना बेहतर है। दिव्य ज्योति स्कूल की मेरी यात्रा ने मुझे एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाई, जहाँ शारीरिक चुनौतियाँ सीमाएं नहीं हैं बल्कि उनका आत्मविश्वास ही उनकी शक्ति है। संगीत की धुनें न सुन पाने के बावजूद छात्रों द्वारा किया गया नृत्य प्रदर्शन उनके दृढ़ संकल्प और प्रतिभा को दर्शाता है जो वाकई में उन्हें विशेष बनाता है। यह एक प्रेरक अनुभव है जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल करता है। संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण का आयोजन कर बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देता है जो समझ और सम्मान पर पनपती है। कंपनी एक समावेशी नियुक्ति दृष्टिकोण अपनाते हुए योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। कंपनी सक्रिय रूप से विविध पृष्ठभूमि, अनुभव और क्षमता युक्त प्रतिभा की तलाश करती है, जिससे विविधता और समावेशन की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। कंपनी ने अब तक अपने यहां 18 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों और 3 दिव्यांग कर्मचारियों को नियोजित किया है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com